दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-74 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 26 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## उत्तरी भारत में भीषण लू का प्रकोप, यूपी के 32 जिलों के लिए अलर्ट जारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी की लहर जारी है, जिससे लोग भीषण तापमान और शुष्क, झुलसा देने वाली हवाओं के कारण परेशान हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, निकट भविष्य में राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है, शनिवार को भी भीषण गर्मी और असुविधा जारी रहने की आशंका है। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के 32 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटों में शहर के तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिल्ली के कई हिस्सों में पारा मौसमी औसत से 1.6 से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जिससे जारी लू का प्रभाव और भी बढ़ गया।

राजधानी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को इस मौसम की पहली लू चली, जबकि मौसम विज्ञान विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया था। हालांकि सफदरजंग मौसम स्टेशन ने आधिकारिक तौर पर लू दर्ज नहीं की, लेकिन कम से कम दो अन्य स्टेशनों ने लू दर्ज की।

सफदरजंग में अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक और पिछले दिन की तुलना में मात्र 0.2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक और गुरुवार के न्यूनतम तापमान से 0.9 डिग्री कम है।

## प्रवेश वर्मा का अरविंद केजरीवाल के नए घर पर तंज, कहा- आम आदमी नहीं, यह आलीशान आदमी पार्टी है

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने केजरीवाल पर सादगी की राजनीति का दावा करने के बावजूद आलीशान जीवनशैली अपनाने का आरोप लगाया और उनके नए सरकारी आवास को लेकर कई सवाल खड़े किए। मंत्री प्रवेश वर्मा ने प्रेसवार्ता कर कहा, आज एक बार फिर आपके सामने वे लोग हैं, जो दिल्ली की जनता को धोखा देते आ रहे हैं। अन्ना आंदोलन का सहारा लेकर, महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह और बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीरों का सहारा लेकर, आम आदमी पार्टी की टोपी पहनकर जिन्होंने एक रुपये के स्टाम्प पेपर पर यह हलफनामा दिया था कि मैं सरकारी घर नहीं लूंगा, बंगला नहीं लूंगा, गाड़ी नहीं लूंगा, जो अपने बच्चों की झूठी कसम खाते हैं। दिल्ली के रहमान डकैत निकले हैं। उन्होंने खास तौर पर केजरीवाल के नए सरकारी आवास का जिक्र करते हुए कहा कि वे वर्षों तक अदालतों में जाकर सरकारी घर की मांग करते रहे। अब जब उन्हें आवास मिला है और वे 95, लोधी एस्टेट में शिफ्ट हुए हैं, तो उसकी भव्यता देखकर हर कोई हैरान है।

# मणिपुर के उखरुल में गोलीबारी, 3 की मौत, 5 घायल, कई घर जलाए गए



नई दिल्ली (आरएनएस)। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार सुबह गोलीबारी की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। कुकी और नागा जनजातीय समुदायों के सशस्त्र समूहों के बीच झड़प में कई घरों को भी आग के हवाले कर दिया गया और महिलाओं सहित कम से कम पांच अन्य कुकी घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, पहली घटना जिले के मुल्लम गांव के पास हुई, जहां सुरक्षाबलों ने पूर्वाह्न करीब 11.25 बजे दो शव बरामद किए।

मृतकों की पहचान एल.सितल्हौ और पी.हाओलाई के रूप में हुई है। दोनों के शरीर पर गोलियों के निशान पाए गए और वे छलावरण (कैमोफ्लाज) वर्दी में थे। इससे पहले, सुबह करीब 5.30 बजे तांगखुल नगा बहुल क्षेत्र के मुल्लम गांव में सशस्त्र उग्रवादी समूहों के बीच भारी गोलीबारी हुई थी। इस दौरान गांव के बाहरी हिस्से में स्थित कुछ घरों में भी आग लगा दी गई। कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट ने मुल्लम और सोंगफल गांवों में दो ग्राम स्वयंसेवको की हत्या और घरों को जलाए जाने की घटना की निंदा की है। संगठन ने इस मामले में तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने और समयबद्ध जांच की मांग की है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं कु. खुशी राय और कु. चांदनी विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री निवास में सम्मानित कर बधाई दी

## राहुल गांधी ने आरएसएस को राष्ट्रीय सरेंडर संघ कहा, बोले-राम माधव की यूएस वाली टिप्पणियां चाटुकारिता दिखाती है

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता राम माधव पर



अमेरिका में एक पैनल चर्चा के दौरान की गई उनकी टिप्पणियों को लेकर तीखा हमला बोला और उन्हें संगठन के असली स्वरूप का परिचायक बताया।

गांधी ने आरएसएस पर राष्ट्रीय सरेंडर संघ होने का आरोप लगाया और संघ को फर्जी करार दिया. एक एक्स पोस्ट शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, राष्ट्रीय सरेंडर संघ. नागपुर में फर्जी राष्ट्रवाद. अमेरिका में पूरी तरह से चाटुकारिता. राम माधव ने तो बस संघ का असली चेहरा ही सामने ला दिया है.कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी राम माधव के वॉशिंगटन डीसी में हडसन इंस्टीट्यूट की न्यू इंडिया कॉन्फ्रेंस में एक पैनल चर्चा में हिस्सा लेने के एक दिन बाद आई. इस चर्चा में उनके साथ राजदूत कर्ट कैंपबेल और एलिजाबेथ थ्रेलकेल्ड भी मौजूद थे. चर्चा का विषय था अमेरिका-भारत संबंधों के लिए आगे के नए रास्ते.चर्चा के दौरान राम माधव ने भारत के ऊर्जा और व्यापार से जुड़े फ़ैसलों पर एक सवाल उठाया।

# ईसीआई ने बंगाल में पक्षपात के आरोप में 5 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया




नई दिल्ली,(आरएनएस)। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर जिले में पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान गंभीर कदाचार तथा निष्पक्षता बनाए रखने में विफलता के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी है.।

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए एक आधिकारिक बयान के अनुसार चुनाव आयोग ने डायमंड हार्बर के अतिरिक्त एपी संदीप गराई, डायमंड हार्बर के एसडीपीओ सजल मंडल, डायमंड हार्बर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज मौसम चक्रवर्ती, फलता पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज अजय बाग और उस्थी पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज सुभेच्छा बाग को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया.

आयोग ने कार्रवाई के आधार के तौर पर गंभीर कदाचार और निष्पक्षता बनाए रखने में विफलता का हवाला दिया. सभी पाँच अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी गई है. चुनाव आयोग ने डायमंड हार्बर की एसपी इशानी पाल को भी चेतावनी जारी की है. उन पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव से जुड़े संवेदनशील मामलों में अपने अधीनस्थ अधिकारियों के बीच अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में विफलता दिखाई।

आयोग ने निर्देश दिया है कि इस कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और शनिवार सुबह 11 बजे तक इसकी अनुपालन रिपोर्ट जमा की जाए. इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद से अब तक का सबसे ज़्यादा वोटर टर्नआउट दर्ज किया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत दर्ज किया गया है. चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के हर वोटर को सलाम करता है. भारत निर्वाचन आयोग के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग में 91.91 प्रतिशत का काफी ज्यादा वोटर टर्नआउट दर्ज किया गया।

## भारत का मोस्ट वांटेड और दाऊद का खास गुर्गा तुर्किये में गिरफ्तार, खुलेंगे डी-कंपनी के कई गहरे राज

नई दिल्ली (ए.)। भारत के कुख्यात ड्रग माफिया और अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क के बड़े खिलाड़ी



सलीम डोला को तुर्किये की सुरक्षा एजेंसियों ने इस्तांबुल में एक बड़ी कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने भी इस हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी की पुष्टि कर दी है। इस जबर्दस्त कार्रवाई को अंडरवर्ल्ड और नारकोटिक्स नेटवर्क के खिलाफ एक बहुत बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियों का दावा है कि लंबे समय से ग्लोबल सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क चला रहे सलीम डोला के तार भारत के मोस्ट वांटेड अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के गिरोह से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं।

कुख्यात ड्रग माफिया सलीम डोला को दाऊद इब्राहिम का बेहद करीबी माना जाता है। शुरुआती दौर में वह मुंबई में अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था, लेकिन बाद में उसने अपना ठिकाना बदल लिया और दुबई से पूरे ड्रग सिंडिकेट का संचालन करने लगा। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, भारत में ड्रग्स की सप्लाई का सबसे बड़ा चैनल उसी के सीधे नियंत्रण में चल रहा था।

# कभी एक कभी दो डिग्री तापमान की हो रही घटबढ़

## तेज तपन करने लगी लोगों को परेशान

नर्मदापुरम (निप्र)। हवा और पानी के छीटे के बाद मौसम में आए बदलाव से तापमान में हर दिन एक दो डिग्री तापमान की घटबढ़ हो रही है। शनिवार को सुबह से ही सूर्यदेव ने फिर से तेज तपन शुरू कर दी है। जिससे लोग हलाकान हो रहे हैं। तेज धूप दोपहर के समय लोगों को परेशान करने लगी है। बैशाख में तेज गर्मी का असर बना हुआ है। सुबह से ही तीखी गर्मी तेज तपन और सूर्यदेव के तेखे तेवर के कारण लोग गर्मी से परेशान होने लगे हैं। दोपहर के समय लू के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे है। तेज तपन और लू के असर के चलते तापमान 42-43 के इर्द गिर्द बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम



तापमान 42.9 और न्यूनतम पारा 25.9 तक पहुंच चुका है। वहीं इन दिनों पचमढी में भी न्यूनतम तापमान 19 अधिकतम 38 डिग्री के आसपास दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी का असर इसी प्रकार तेजी को रहेगा। गर्म हवाएं चलती रहेंगी। अभी तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना बताई जा रही है। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री दर्ज हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी तेजी आने लगी है। बीती रात का न्यूनतम तापमान 22 दर्ज हुआ है। इसी के साथ अब शनैः शनैः गर्मी ने अपना रूख तेज करना शुरू कर दिया है। बादलों का आसमान से डेरा कम होता जा रहा है। मौसम विभाग का कहना है अब अगले एक दो दिन में फिर तीखी गर्मी का असर और बढ़ने की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार एक दो दिन में फिर बादल छाने के साथ आंधी चलने की संभावना है।

## नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मालदीव जाने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सख्त चेतावनी जारी की

नई दिल्ली (आरएनएस)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मालदीव की यात्रा करने या वहां जाने वाले सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया है। इसमें मालदीव के हाल ही में और सख्त हो गए नशीले पदार्थों के कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। मालदीव सरकार ने मार्च 2026 से अपने ड्रग्स अधिनियम में बड़े बदलाव किए हैं। इन संशोधनों के बाद नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों की सजाएं बहुत कड़ी कर दी गई हैं। छोटी मात्रा में भी प्रतिबंधित नशीले पदार्थ रखने पर सख्त सजा का प्रावधान है। बड़े पैमाने पर तस्करी करने वालों को आजीवन कारावास या कुछ गंभीर मामलों में मृत्युदंड तक हो सकता है।

## देश में अब बिना रुके ही कटेगा वाहनों का टैक्स, बैरियर फ्री होंगे टोल प्लाजा, गडकरी का बड़ा एलान



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के टोल सिस्टम में बड़ा बदलाव आने वाला है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री Nitin Gadkari ने घोषणा की है कि दिसंबर 2026 तक कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर बैरियर-फ्री टोलिंग सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था के लागू होने से वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे सफर तेज और सुगम होगा।

**लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट में बड़ा ऐलान**

'लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवार्ड्स 2026' को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकार हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक तकनीकों से लैस करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।नई टोलिंग व्यवस्था अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित होगी। इसमें ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) कैमरे RFID आधारित, FASTag सिस्टम AI एनालिटिक्स का उपयोग किया जाएगा। इन तकनीकों की मदद से वाहन की पहचान स्वत: हो जाएगी और बिना रुके टोल शुल्क कट जाएगा।




## के कविता ने खुद की राजनीतिक पार्टी लॉन्च की, नाम रखा तेलंगाना राष्ट्र सेना

हैदराबाद (आरएनएस)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से निकाले जाने के बाद के कविता ने खुद की राजनीतिक पार्टी लॉन्च की है। इसका नाम तेलंगाना राष्ट्र सेना (टीआरएस) रखा गया है। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस के प्रमुख के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। ये घटनाक्रम ऐसे वक्त सामने आया है, जब 7 महीने पहले कविता को बीआरएस से निकाल दिया गया था। अब उन्होंने नई पार्टी लॉन्च कर दी है।

कविता ने कहा, हम पीछे नहीं हटेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए; अब समय आ गया है तेलंगाना की जनता अपनी बात कहे। हम अपनी आकांक्षाओं को मिटने नहीं देंगे; अगर तुम हमारे रास्ते में आए, तो राख बनकर रह जाओगे। उन्होंने कहा, मैं तेलंगाना की बेटी हूं। मेरे खून में तेलंगाना है, तेलंगाना का जज्बा है। हम बहुत दृढ़ हैं, अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। हमने अपने जीवन के 20 साल तेलंगाना आंदोलन में बिताए हैं।

# आप सांसदों से मिलना चाहते थे केजरीवाल, सभी ने चर्चा से पहले ही पार्टी छोड़ी



नईदिल्ली, (आरएनएस)। राघव चड्ढा समेत आम आदमी पार्टी (आप) के 3 राज्यसभा सांसदों ने बीते दिन पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। राघव का दावा है कि 4 और सांसद भाजपा में शामिल होंगे। अब खबर आई है कि बागी सांसदों को मनाने के लिए पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने उनसे चर्चा करना चाही थी। हालांकि, इससे पहले ही सभी सांसद भाजपा में शामिल हो गए। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल ने अगले कार्यकाल में 6 में से कम से कम 5 नेताओं को टिकट देने का वादा किया था। हालांकि, उन्होंने शर्त रखी थी कि वे किसी कारण से खुश नहीं हैं, तो अभी पार्टी छोड़ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने शुक्रवार शाम को चर्चा के लिए उन्हें अपने घर बुलाया था, लेकिन यह बैठक हो ही नहीं पाई, क्योंकि सांसदों ने शुक्रवार को ही पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी।

सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल ने सांसदों से कहा, अगर आपको कोई आशंका है, तो आपको अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए और आपको अगले कार्यकाल में फिर से टिकट दिए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल के साथ बैठक का बुलावा आने से पहले सांसदों ने पार्टी छोड़ने की योजना बनाने के लिए एक सामूहिक तौर पर कोई बैठक नहीं की थी। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से सभी ने पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, बगावत की शुरुआत राघव की ओर से हुई थी, जब आप ने उन्हें राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाया था।

## तेलंगाना में 47 माओवादियों का आत्मसमर्पण, दक्षिण बस्तर नेटवर्क को बड़ा झटका

तेलंगाना/जगदलपुर,(आरएनएस)। क्सल मोर्चे पर सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। तेलंगाना में 47 माओवादियों ने सामूहिक रूप से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस घटनाक्रम को नक्सल संगठन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जिससे दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी (डीवीसी) की गतिविधियां लगभग खत्म होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में संगठन के दो बड़े नेता—दक्षिण बस्तर डीवीसी प्रभारी हेमला आयथु उर्फ विज्जा और 9वीं बटालियन के कमांडर पोडियम लाचू उर्फ मनोज शामिल हैं। इनके अलावा एक स्टेट कमेटी सदस्य, तीन डीवीसीएम/सीवाईपीसीएम स्तर के सदस्य, 24 एसीएम/पीपीसीएम कैडर और 19 अन्य सदस्य भी शामिल हैं।सरेंडर के दौरान माओवादियों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी सौंपे। पुलिस को एक एलएमजी, चार एके -47, तीन एसएलआर राइफल, दो इंसास राइफल, 12 सिंगल शॉट गन, दो पिस्टल/रिवॉल्वर और दो बीजीएल गन समेत कुल 32 हथियार मिले हैं। इसके साथ ही 515 जिंदा कारतूस और करीब 100 किलो कोर्डटेक्स वायर भी बरामद हुआ है, जिसका इस्तेमाल विस्फोटकों में किया जाता है।



# महिला ने बेटे और उसके दोस्त से होटल में कराया रिसेप्शनिस्ट युवती का रेप

- आरोपियो ने रुम बुक किया, बहाने से कमरे में बुलाकर की ज्यादती
- बाद में महिला सहित दोनो युवको ने पीड़िता को अगवा कर की मारपीट

भोपाल (ए.)। नये शहर के कोलार थाना इलाके में एक होटल में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करने वाली युवती के साथ आरोपी महिला द्वारा अपने बेटे और बेटे के दोस्त से उसी होटल में रेप कराये जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी महिला इसी होटल की पूर्व रिसेप्शनिस्ट है। उसने अपने बेटे और बेटे के दोस्त के साथ योजना बनाते हुए पहले दोनो को होटल भेजा और रूम बुक कराया। रुम में जाने के बाद आरोपी बेटे और उसके दोस्त ने रूम में पानी न आने की समस्या बताई। जब पीड़ित युवती कमरे में पानी चेक करने पहुंची तब आरोपियो ने उसे होटल के कमरे में ही बंधक बनाकर बारी-बारी से उसके साथ ज्यादती कर डाली। इसके बाद आरोपी पूर्व रिसेप्शनिस्ट महिला होटल के कमरे में पहुंची और पीड़िता को घटना के संबंध में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं महिला ने दोनों युवकों की मदद से पीड़िता को होटल से जर्बदस्ती अगवा किया तीनो उसे स्टेशन बजरिया इलाके में ले गये और यहॉं पीड़िता के साथ मारपीट की गई। आरोपी महिला ने पीड़िता से कहा कि मेरे बॉयफ्रेंड से दूर रहो। बताया गया है कि आरोपी और पीड़ित महिलाओं का एक होटल मालिक से अफेयर है, जो इन दिनों शहर से बाहर है। पीड़िता और होटल मालिक की फोन पर बातचीत होती है।



**- रात के समय किया था रुम बुक**

थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की बीकॉम करने के बाद वह एक होटल में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करती है। शुक्रवार रात करीब 9 बजे वह होटल में ड्यूटी पर थी। उसी समय आरोपी बिट्टू और एक अन्य युवक के साथ होटल पहुंचा। होटल में ठहरने का कहते हुए आरोपियों ने होटल में कमरा दिखाने के लिए कहा। पीड़िता कमरा दिखाने उनके साथ गई। थोड़ी देर बाद आरोपियों ने पीड़िता से पानी न आने की शिकायत की। पीड़िता जब चैक करने के लिये कमरे में पहुचीं तब दोनो ने उसे बंधक बना लिया, आरोपी बिट्टू ने उसके साथ रेप किया और उसके दोस्त ने उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की। थोड़ी देर बाद कमरे में इसी होटल की पूर्व रिसेप्शनिस्ट विनिता आ गई उसने पीड़िता से बात करते हुए युवक को बेटा जबकि बिट्टू को बेटे का दोस्त बताया। साथ ही उसने धमकी दी की वह आज के बाद उसके बॉयफ्रेंड (होटल मालिक) से दूर रहे। इसके बाद तीनो उसे दो पहिया वाहन से जर्बदस्ती अपने साथ बजरिया इलाके में ले गये और वहॉं जमकर मारपीट की।

**– मोबाइल लोकेशन ट्रैस कर पुलिस ने पीड़िता को दस्तयाब किया**

इधर होटल में हुई घटना से घबराये होटल स्टॉफ ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता की तलाश के लिये उसके मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे स्टेशन बजरिया इलाके से बरामद किया। पुलिस ने बताया की आरोपियों की धमकी और डर से पीड़िता पहले कुछ बताने को तैयार नहीं हुई। थाने लाकर उसकी काउंस्लिंग कराई गई जिसक बाद उसने आरोपिया की सारी करतूत पुलिस को बताई। शनिवार अलसुबह पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियो के खिलाफ दुष्कर्म, बंधक बनाने, अपहरण कर मारपीट करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी महिला विनिता को पकड़ लिया है, जबकि पुलिस कार्यवाही की भनक लगते ही दोनो युवक फरार हो गये।

# सशक्त हो रहा रोड नेटवर्क, यातायात हुआ सुगम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सड़क निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 77 हजार किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क है। प्रदेश में 11,632 किलोमीटर सड़कों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण, 5,741 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण, 190 पुल और फ्लाई ओवर का निर्माण किया गया है। वर्तमान में 16,954 किलोमीटर सड़क निर्माण और 531 पुल एवं फ्लाई ओवर परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। प्रदेश में बड़े पैमाने पर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 6 प्रमुख विकास पथ (एक्सप्रेसवे) परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है। इसके साथ ही भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में रिंग रोड निर्माण की प्रक्रिया भी जारी है, जिससे शहरों में यातायात दबाव कम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई गति देने के लिए NHAI के साथ लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का समझौता किया गया है। इसमें से 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है और कई परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। पिछले 13 महीनों में 875 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर 25 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया गया और कई मामलों में कार्रवाई की गई। इसके साथ ही प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (PMS 2.0) के माध्यम से योजना से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए भी निरंतर नवाचार किये जा रहे हैं।

## केंद्रीय जेल भोपाल में परिरुद्ध बंदियो हेतु आयोजित विशेष मेडीकल केम्प सह विधिक सहायता शिविर का आयोजन

भोपाल(ए.)। केन्द्रीय जेल भोपाल में शनिवार को परिरूद्ध बंदियो के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए म.प्र. उच्च न्यायालय द्धारा दिए गए निर्देशन में विशेष मेडीकल कैम्प सह विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया।जबलपुर में केन्द्रीय जेल से कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा एवं न्यायाधिपति श्री विवेक अग्रवाल न्यायाधीश म.प्र. उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर द्धारा प्रात: 09 बजे सुश्री सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, श्री कृष्णमूर्ति मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर एवं श्री राजेन्द्र शर्मा प्रिसिपल रजिस्ट्रार विजिलेस जबलपुर की उपस्थिति में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जबलपुर के क्षेत्राधिकार में सभी जेलों में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। केन्द्रीय जेल भोपाल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, दीपक बंसल अपर सत्र न्यायाधीषश,श्री सुनीत अग्रवाल न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल, श्री भारत रघुवंशी रजिस्ट्रार जिला न्यायालय भोपाल एवं श्री राकेश कुमार भांगरे जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल, एल.ए.डी.सी. एवं जेपी अस्पताल एव हमीदिया अस्पताल के चिकित्सक एवं मेडिकल स्टॉफ शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहे।

# अंत्योदय का संकल्प अमृतकाल का प्रतिबिंब एवं विकसित भारत-2047 पर हुआ चिंतन शिविर




## सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री कुशवाहा हुए शामिल

भोपाल(ए.)। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के ललित होटल में अंत्योदय का संकल्प, अमृतकाल का प्रतिबिंब एवं विकसित भारत@ 2047 को समर्पित चिंतन शिविर के भव्य उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद्र कटारिया जी उपस्थित रहे। उनके साथ केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक एवं केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा भी मौजूद रहे।

यह चिंतन शिविर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संवेदनशील और समावेशी विकास के विज़न को समर्पित है, जिसमें वंचित, पिछड़े, दिव्यांग एवं समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सामाजिक न्याय पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। उद्देश्य केवल नीतियां बनाना नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद नागरिक को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। सामाजिक न्याय, समान अवसर और सबका साथ-सबका विकास ही विकसित भारत@ 2047 की मजबूत नींव है।इस चिंतन शिविर में हरियाणा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी,त्रिपुरा के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुधांशु दास, मिजोरम के समाज कल्याण मंत्री पी. लालरिनपुई, दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्दर सिंह, उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री असीम अरुण, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव सुधांश पंत एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सचिव श्रीमती वी. विद्यावती आदि उपस्थित रहे।

## डॉक्टर की सलाह से पहनती हूं चश्मा

**–हर्षानंद गिरि ने कहा– फॉरेन फंडिंग साबित करें नहीं तो एक करोड़ की मानहानि दें**

भोपाल,(ए.)। उज्जैन में संन्यास विवाद के बीच मॉडल हर्षा रिछारिया सन्यास लेकर बनी स्वामी हर्षानंद गिरि ने नया वीडियो जारी कर संतों के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने फॉरेन फंडिंग के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि एक भी आरोप सही साबित हुआ तो वह अपनी पूरी संपत्ति अर्पित कर देंगी। वहीं आरोप गलत साबित होने पर संबंधित पक्ष से एक करोड़ मानहानि की मांग की।उन्होंने कहा कि वे अपनी बैंक डिटेल्स सार्वजनिक करने को तैयार हैं। दो दिन पहले संत समाज के अध्यक्ष अनिलानंद महाराज ने उनके संन्यास लेने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि बार-बार संन्यास लेने की प्रक्रिया सनातन परंपराओं का मजाक है और यह सब पब्लिसिटी के लिए हो सकता है।

## मप्र विधानसभा के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक 27 अप्रैल को



भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रस्तावित एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले कांग्रेस ने अपनी रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 27 अप्रैल, सोमवार को कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 9 बजे भोपाल स्थित नेता प्रतिपक्ष के निवास पर आयोजित होगी, जिसमें पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति अपेक्षित है। कांग्रेस द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी कि बैठक में मुख्य रूप से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस इस विषय पर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार करेगी। पार्टी का आरोप है कि संशोधन के नाम पर महिला आरक्षण को लागू करने में देरी की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विशेष सत्र महिला सशक्तीकरण पर केंद्रित बताया जा रहा है, लेकिन सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को टालने के लिए प्रक्रियात्मक कारणों का सहारा लिया जा रहा है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर रैली, शपथ एवं कार्यशाला आयोजित, 5 वर्षों से लगातार घट रहे मलेरिया के मामले

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल जिले में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का मुख्य विषय मलेरिया उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि भोपाल जिले में मलेरिया के रोगियों की संख्या में लगातार उत्तरोत्तर कमी दर्ज की गई है। वर्तमान में जिले में 79,845 जांचों में केवल 3 मलेरिया पॉजिटिव प्रकरण पाए गए हैं। वर्ष 2026 में 1,32,134 घरों में लार्वा सर्वे किया गया। लगातार 5 वर्षों से केसों में गिरावट जागरूकता अभियान, सघन जांच और विभिन्न गतिविधियों का परिणाम है। श्रीमती नामदेव ने कहा कि इस उपलब्धि में जनसहभागिता, नगर




निगम,गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स द्वारा संचालित एंबेड परियोजना एवं समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस महाविद्यालय में जिला मलेरिया कार्यालय एवं एंबेड परियोजना, फैमिली हेल्थ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को एक्जीबिशन के माध्यम से मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों की जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पैरासाइट चक्र, लार्वा एवं मच्छर का जीवन चक्र तथा प्लाज्मोडियम के मानव शरीर में प्रवेश की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर डॉ.चरणजीत कौर प्रधानाचार्य कैरियर कॉलेज भोपाल डॉ.अनामिका दुबे विभागाध्यक्ष पैरामेडिकल विज्ञान विभाग डॉ. नम्रता श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष फिजियोथेरेपी विभाग, क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव, जिला वीबीडी सलाहकार श्रीमती रुचि, मलेरिया इंस्पेक्टर उर्मिला सिंह, एंबेड परियोजना समन्वयक रत्नेश सिंह अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदाय किए गए।

## जिम में इंवेस्ट करने का झांसा देकर जालसाज ने की 32 लाख की ठगी

भोपाल (ए.)। शहर के ऐशबाग थाना इलाके में जिम में रकम इंवेस्ट कर मोटा मुनाफा पाने का झांसा देकर शातिर आरोपी ने एक व्यक्ति से 32 लाख रुपए की ठगी कर ली। जालसाजी की वारदात करीब साल पहले की है। इसकी शकायत फरियादी ने एक साल पहले थाने में की थी, जिसकी लंबी जॉच जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले कबीश माहेश्वरी ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया था की वह प्राइवेट नौकरी करते हैं।

## 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजों ने खोली भोपाल की पोल, एक स्कूल में 30 में से 28 छात्र फेल, 12 प्रिंसिपल को नोटिस

भोपाल(ए.)। भोपाल जिले में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के कमजोर परिणाम को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग कार्रवाई करने की तैयारी में है। शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी(डीईओ) एनके अहिरवार ने 30 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में खराब प्रदर्शन के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई और जवाबदेही तय की गई। बैठक में कई प्राचार्यों ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से नियमित पढ़ाई प्रभावित हुई। शासकीय उमावि छोला के प्राचार्य चक्रेश जैन ने बताया कि उनके स्कूल के लगभग सभी शिक्षक एसआईआर कार्य में व्यस्त थे, जिससे कक्षाएं नियमित नहीं लग पाईं। कुछ अन्य प्राचार्यों ने अतिथि शिक्षकों की गुणवत्ता और उपलब्धता पर भी सवाल उठाए। बैरसिया क्षेत्र के दो स्कूलों के प्राचार्यों ने यह भी कहा कि पहली बार कैमरों की निगरानी में परीक्षा देने से विद्यार्थियों पर मनोविज्ञानी दबाव पड़ा, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। शिक्षा विभाग अब कमजोर स्कूलों पर विशेष फोकस कर रहा है।

# भोपाल में छात्रा से धोखाधड़ी व शोषण का आरोप, मुस्लिम संगठन भी 'लव-जिहाद' के आरोपियों के खिलाफ आया आगे



भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश राजधानी भोपाल में एक इंजीनियरिंग छात्रा द्वारा लगाए गए धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और धमकी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण में शनिवार को एक मुस्लिम संगठन ने भी खुलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़िता के समर्थन में सामने आने का ऐलान किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने इसे गंभीर और शर्मनाक बताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।महिला थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसार, छात्रा ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2023 में उसकी पहचान एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम आशीष पांडे बताया था। बाद में दोस्ती के दौरान उसने शादी का वादा किया और शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ित छात्रा का आरोप है कि बाद में उसे पता चला कि युवक का असली नाम आसिफ रजा है। जब उसने शादी की बात की, तो आरोपी ने इनकार कर दिया। पीड़िता के अनुसार, जनवरी 2026 में गर्भवती होने की जानकारी देने पर आरोपी और उसके साथियों ने उसे धमकाया। उसने जान से मारने और अन्य गंभीर धमकियों के आरोप लगाए हैं। साथ ही, जबरन दबाव और मानसिक प्रताड़ना की भी बात कही है।

**पैसों के लेन-देन और ब्लैकमेल के आरोप**

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने संबंध के दौरान पीड़िता से पैसे लिए और उसे मानसिक रूप से दबाव में रखा। इन सभी आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। 5 मार्च 2026 को मामला दर्ज होने के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़िता कहना है कि एक युवक को गिरफ्तार किया था मगर उसे भी छोड़ दिया। पीड़िता ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

**संगठन ने कहा—दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई**

ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने इस मामले को गंभीर बताते हुए इस तरह की घटना पूरे प्रदेश के लिए शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। संगठन ने स्पष्ट किया कि इसे वे 'लव जिहाद' नहीं मानते, बल्कि कुछ लोगों की हरकत बताते हुए कहा कि पूरे समाज को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। संगठन ने पीड़िता की कानूनी लड़ाई और पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का भी ऐलान किया है। इसके साथ ही संगठन ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## 3 लाख 97 हजार 516 किसानों से 16 लाख 64 हजार 157 मे. टन गेहूं का उपार्जन

**स्लॉट बुकिंग की सुविधा 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई 2026 तक**

भोपाल, (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मे.टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष युद्ध की विपरीत परिस्थिति के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 100 लाख मे.टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है।सभी जिलों में मध्यम एवं बड़े किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा पूर्व वर्ष अनुसार ही की गई है। पूरे प्रदेश में स्लॉ्ट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 9 मई तक की गई है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिये प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। अभी तक प्रदेश मे समर्थन मूल्य् पर गेहूं उपार्जन के लिये 8.55 लाख किसानों द्वारा 39.10 लाख मे. टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किए जा चुके है।प्रदेश में 3 लाख 97 हजार 516 किसानों से 16 लाख 64 हजार 157 मे. टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले 2,037,504 किसानों को 2533.53 करोड़ रुपये के भुगतान के लिये ईपीओ जनरेट किए गए।

# एमपी ट्रांसको ने दमोह की पारेषण व्यवस्था को किया सशक्त

**220 केवी सब स्टेशन दमोह मे ऊर्जीकृत हुआ नया 50 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर : मंत्री श्री तोमर**



भोपाल (आरएनएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने दमोह जिले की विद्युत पारेषण प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एम पी ट्रांसको द्वारा 220 केवी सब स्टेशन, दमोह में क्षमता वृद्धि करते हुए 43 वर्ष पुराने 20 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 50 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इससे सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 650 एम वी ए की हो गई है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि लगभग 5 करोड रुपये की अनुमानित लागत के इस अपग्रेडेसन से दमोह जिले में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार होगा। बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया यह कार्य न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि भविष्य की मांग के अनुरूप भी पर्याप्त क्षमता उपलब्ध कराएगा। इस क्षमता वृद्धि से दमोह जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अधिक निर्बाध और विश्वसनीय हो सकेगी।एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता एम वाय मंसूरी ने बताया कि दमोह जिले की कुल स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढकर 1083 एमवीए हो गई है।

दमोह जिले में एमपी ट्रांसको अपने छह सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 220 केवी सब स्टेशन दमोह के अलावा एवं 132 केवी के 5 सब स्टेशन दमोह 132 केवी 90 एमवीए, बटियागढ़ 90 एमवीए, हटा 113 एमवीए, पटेरा 50 एमवीए एवं तेजगढ़ 90 एमवीए शामिल हैं।

# हर जरुरतमंद को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : ऊर्जा मंत्री तोमर

## – मंत्री तोमर ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निराकरण



ग्वालियर(ए.)। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को ग्वालियर में अपने रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर सरकारी कार्यालय पर आमजन की समस्याएं सुनी और उनका त्वरित निदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आम जनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है।ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर आम जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है। शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना ही शासन की प्राथमिकता है।ऊर्जा मंत्री तोमर ने आह्वान किया कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएंगे और एक नया स्वस्थ, हरा-भरा, नशा मुक्त समाज बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए साथ मिलकर अपना सहयोग देना होगा। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, नगर निगम, विद्युत विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर आवेदक की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

## रेलवे कर्मचारी के सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

जबलपुर (ए.)। अधारताल थाना अतंर्गत कृष्णा विहार कालोनी मैत्रीनगर महाराजपुर में उज्जैन गए एक व्यक्ति के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर, चांदी के बर्तन व नगदी 15 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा विहार कालोनी मैत्रीनगर महाराजपुर निवासी 49 वर्षीय रेलवे कर्मचारी धनराज पटेल गत रात घर में ताला लगाकर उज्जैन गया था, जहां से दो दिन बाद घर लौटा तो बाउंड्री वाल के गेट व घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर रखी अलमारियों खुली पडी थी जिसमें रखे नगदी 10 हजार रूपए, गुल्लक में रखे लगभग 5 हजार रूपए, एवं चांदी की 3 जोड बिछिया, 2 जोड पायल, चांदी के बर्तन, पुराने सिक्के, बेसलेट 3 चूडी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ का जिले में कराया जा रहा है भौतिक सत्यापन

## कलेक्टर के निर्देशन में वेयर हाउसों का निरीक्षण जारी



ग्वालियर (आरएनएस)। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्वालियर जिला प्रशासन द्वारा वेयर हाउसों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर शनिवार को अधिकारियों की टीम ने विभिन्न वेयर हाउसों का निरीक्षण कर उपार्जित गेहूँ की गुणवत्ता और मात्रा का भौतिक मिलान किया। सत्यापन के दौरान वेयर हाउसों में उपलब्ध गेहूँ की वास्तविक मात्रा का अभिलेखों में दर्ज विवरण से मिलान किया गया, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम गधोटा एवं पिछोर स्थित वेयर हाउसों सहित जिले के अन्य गोदामों का निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य किसानों द्वारा विक्रय किए गए गेहूँ के प्रत्येक दाने का सही रिकॉर्ड सुनिश्चित करना तथा उपार्जन एवं भंडारण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाए रखना है। भौतिक सत्यापन से उपार्जित गेहूँ की मात्रा और गुणवत्ता की पुष्टि होने के साथ-साथ व्यवस्था में जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य उपार्जन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की नियमित निगरानी जारी रखी जाए और कहीं भी अनियमितता पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में ग्वालियर जिला प्रशासन उपार्जन केंद्रों से लेकर भंडारण व्यवस्था तक सतत निगरानी रखी जा रही है।

# स्वर्ण रेखा में सीवर संधारण एवं मिट्टी हटाने का कार्य तेजी के साथ प्रारंभ

### एजेंसी ने प्रारंभ किया हनुमान बांध से मिट्टी हटाने एवं सीवर संधारण का कार्य

ग्वालियर (आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर स्वर्ण रेखा नाले में संचालित सीवर लाइन की सफाई एवं एलीवेटेड रोड निर्माण के कारण एकत्र हुई मिट्टी को हटाने का कार्य तेजी के साथ प्रारंभ हो गया है। एलीवेटेड रोड निर्माण की एजेंसी द्वारा हनुमान बांध से भी सीवर लाइन की सफाई एवं मिट्टी को हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गत दिवस नगर निगम एवं एलीवेटेड रोड निर्माण की एजेंसी के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में कार्यपालन यंत्री ब्रिज निर्माण के नेतृत्व में निर्माण एजेंसी द्वारा सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यपालन यंत्री ब्रिज निर्माण श्री जोगिन्दर ने बताया कि स्वर्ण रेखा में सीवर लाइन की सफाई का कार्य करने के साथ-साथ निर्माण एजेंसी के माध्यम से निर्माण के दौरान एकत्र हुई मिट्टी को हटाने का कार्य तेजी के साथ प्रारंभ कर दिया गया है। जहां पर भी सीवर लाइन चौक है उसे खोलने के साथ - साथ सीवर लाइन के संधारण का कार्य भी किया जा रहा है।



## सांसद श्री दुबे की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक संपन्न

जबलपुर (आरएनएस)। सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में आज जिला समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह ठाकुर, संतोष बरकड़े, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जनपद अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टरराघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रुप से स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, नहर, बिजली, कृषि, नगरीय विकास, यातायात प्रबंधन, सड़क व उपार्जन आदि विषयों की समीक्षा की गई। इसके पूर्व पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में सांसद श्री दुबे ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय तथा जनप्रतिनिधियों के तालमेल से विकासात्मक कार्य करें।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 587 गर्भवती महिलाओं की जांच, 346 हाई रिस्क मिली




बैतूल (आरएनएस)। गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने के लिए प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शनिवार को जिले में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 587 गर्भवती महिलाओं की जाचं एवं 346 हाई रिस्क चिन्हित तथा 79 सोनोग्राफी की गईं। शिविर में सभी महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम की जांच की गई। जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना धाकड़ द्वारा 55 गर्भवती महिलाओ की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 19 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया, 79 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में स्त्री रोग चिकित्सक (पीजीएमओ) डॉ कविता कोरी द्वारा 50 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 46 हाई रिस्क महिलाओं की जांच की गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ नीलम महाजन द्वारा 55 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 14 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सिविल अस्पताल आमला में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ ईवान जेम्स द्वारा 35 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें हाई रिस्क 16 महिलाएं पाई गई।

## करीला धाम से अयोध्या भेजी जाएगी पवित्र रज और जल

अशोकनगर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध करीला धाम में सीता नवमी का पर्व शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ करीला धाम से अयोध्या के लिए पवित्र मिट्टी (रज) और जल भेजने की घोषणा की गई, जिसे श्रद्धालु विशेष आध्यात्मिक महत्व से जोड़कर देख रहे हैं। करीला धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव और पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव की उपस्थिति में माता जानकी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा 56 भोग अर्पित किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए सीता नवमी के अवसर पर धाम की पवित्र मिट्टी और जल को कलशों में संग्रहित किया गया। मंदिर परिसर की प्राचीन बावड़ी से जल लिया गया, जबकि मंदिर के पीछे स्थित प्राचीन चंपा वृक्ष के पास से मिट्टी एकत्र की गई। श्रद्धालुओं के अनुसार इस स्थान की मिट्टी को माता जानकी के चरणों की रज माना जाता है।


## व्यापार समाचार

# वैश्विक एआई दौड़ के बीच गूगल एन्थ्रोपिक में 40 अरब डॉलर तक का करेगा निवेश



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में बड़ा दांव खेलते हुए एआई कंपनी एन्थ्रोपिक में 40 अरब डॉलर तक निवेश करने की योजना बनाई है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब दुनियाभर की बड़ी टेक कंपनियां एडवांस एआई मॉडल और इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से निवेश कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रस्तावित निवेश में शुरुआती तौर पर 10 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा, जो एन्थ्रोपिक के 380 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर आधारित होगा। इसके बाद बाकी 30 अरब डॉलर का निवेश कंपनी के प्रदर्शन से जुड़े लक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा।यह निवेश दोनों कंपनियों के बीच पहले से चल रही साझेदारी को और मजबूत करता है। इस साझेदारी के तहत गूगल, एन्थ्रोपिक को क्लॉड इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराता है और उसके एआई मॉडल, खासकर क्लॉड सीरीज तक पहुंच देता है।इसके अलावा, एन्थ्रोपिक, गूगल के कस्टम टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स (टीपीयू) का इस्तेमाल करता है, जो पारंपरिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) का एक विकल्प हैं।एआई टूल्स की बढ़ती मांग के कारण कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए एन्थ्रोपिक ने हाल ही में गूगल और ब्रॉडकॉम के साथ मिलकर 5 गीगावाट कंप्यूट क्षमता हासिल की है और इसे आगे और बढ़ाने की योजना है।दिलचस्प बात यह है कि साझेदारी के बावजूद दोनों कंपनियां एआई बाजार में एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी भी हैं। गूगल के जेमिनी मॉडल, एन्थ्रोपिक के एआई मॉडल्स को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।गूगल ने 2023 में पहली बार एन्थ्रोपिक में 300 मिलियन डॉलर का निवेश किया था, जिससे उसे लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली थी। बाद में यह निवेश 3 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया और डील से पहले उसकी हिस्सेदारी करीब 14 प्रतिशत बताई जा रही थी। एन्थ्रोपिक की स्थापना 2021 में ओपन एआई के पूर्व शोधकर्ताओं ने की थी, और इसके क्लॉड मॉडल्स को तेजी से लोकप्रियता मिली है। कंपनी की सालाना आय 30 अरब डॉलर के पार पहुंच चुकी है।इससे पहले अमेजन भी एन्थ्रोपिक में 5 अरब डॉलर का निवेश कर चुका है और 20 अरब डॉलर तक के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता जता चुका है।

## बिना रिचार्ज के कितने दिन में हमेशा के लिए बंद हो जाएगा आपका सिम कार्ड? जान लें TRAI का ये नियम



नई दिल्ली (ए)। आज के डिजिटल युग में मोबाइल नंबर सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रह गया है, बल्कि यह आपके बैंक खाते, यूपीआई, सोशल मीडिया और हर जरूरी ओटीपी की चाबी बन चुका है। ऐसे में अगर आपका सिम कार्ड अचानक बंद हो जाए, तो जिंदगी और जरूरी कामों की रफ्तार ही रुक सकती है। महंगे होते रिचार्ज प्लान के बीच हर मोबाइल यूजर के मन में यह सवाल जरूर आता है कि आखिर बिना रिचार्ज कराए कोई नंबर कितने दिनों तक चालू रह सकता है। अगर आप भी अपने अहम नंबर को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो टेलीकॉम कंपनियों और ट्राई (TRAI) के ये कड़े नियम आपको जरूर जानने चाहिए।

सिम कार्ड और मोबाइल सेवाओं को लेकर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बिल्कुल स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए हैं। साल 2025 के नए नियमों के अनुसार, कोई भी प्रीपेड सिम कार्ड बिना किसी इस्तेमाल (यानी बिना कॉल, मैसेज या इंटरनेट डेटा) के अधिकतम 90 दिनों तक एक्टिव रह सकता है। अगर इन 90 दिनों में नंबर पर कोई गतिविधि नहीं होती है, तो टेलीकॉम कंपनी वैलिडिटी को अगले 30 दिनों के लिए बढ़ाने के एवज में आपके खाते से 20 रुपये काट सकती है।

## सोना-चांदी खरीदने का शानदार मौका! दामों में आई भारी गिरावट, फटाफट चेक करें भाव



मुंबई (ए.)। सोने और चांदी की शुरुआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई। दोनों कीमती धातुओं के दाम करीब आधा प्रतिशत तक फिसल गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की शुरुआत अपने पिछले सत्र के बंद 1,51,761 रुपए के मुकाबले 1,51,167 रुपए पर हुई। सुबह 9ः40 पर सोने का 05 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.47 प्रतिशत या 718 रुपए की कमजोरी के साथ 1,51,043 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,51,039 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,51,457 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है।

वहीं, सत्र में चांदी की शुरुआत पिछले सत्र के बंद 2,41,513 रुपए के मुकाबले 2,39,200 रुपए पर हुई थी। चांदी का 5 मई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.35 प्रतिशत या 842 रुपए की गिरावट के साथ 2,40,671 रुपए पर थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,39,200 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,41,382 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में बिकवाली देखने को मिल रही है। खबर खिले जाने तक कॉमेक्स पर सोना 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,684 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74.81 डॉलर प्रति औंस पर थी।

## यूपीआई से मिनटों में निकलेगा पीएफ का पैसा, करोड़ों ईपीएफओ मेंबर्स के लिए कुछ नए जरूरी अपडेट्स

नई दिल्ली (ए.)। देश के करोड़ों कर्मचारियों के लिए जल्द ही राहत भरी खबर आने वाली है। EmployeesÓ Provident Fund Organisation (EPFO) अपने सिस्टम में बड़ा डिजिटल बदलाव करने जा रहा है, जिसके तहत PF (प्रोविडेंट फंड) निकालना पहले से कहीं ज्यादा आसान और तेज हो जाएगा।

**मिनटों में PF निकासी संभव**

अभी तक PF निकालने के लिए लोगों को कई दिन इंतजार करना पड़ता है और कई बार क्लेम रिजेक्ट होने की परेशानी भी सामने आती है। लेकिन नए सिस्टम के लागू होने के बाद कर्मचारी Unified Payments Interface (UPI) के जरिए कुछ ही मिनटों में पैसा अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। यह सुविधा EPFO के अपग्रेडेड डिजिटल प्लेटफॉर्म CITES w.® (EPFO x.®) के जरिए शुरू की जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया तेज, पेपरलेस और पारदर्शी बनेगी। नई व्यवस्था के तहत यूजर को अपने UAN (Universal Account Number) से EPFO पोर्टल या ऐप पर लॉगिन करना होगा। इसके बाद OTP के जरिए वेरिफिकेशन किया जाएगा और फिर अपनी UPI ID दर्ज करनी होगी। जैसे ही प्रक्रिया पूरी होगी, PF की राशि तुरंत बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। यानि अब PF निकालना उतना ही आसान हो जाएगा जितना मोबाइल से UPI पेमेंट करना।

# अब सस्ती फ्लाइट्स भी खोज कर देगा चेट जीपीटी, जानिए पूरा प्रोसेस




नई दिल्ली (ए.)। ऑनलाइन ट्रैवल सर्च को और आसान बनाने के लिए Skyscanner Üð ChatGPT के साथ साझेदारी की है। इस नई सुविधा के जरिए यूजर्स अब सीधे ChatGPT के अंदर ही फ्लाइट्स सर्च, कीमतों की तुलना और यात्रा का समय चेक कर सकते हैं। यह इंटीग्रेशन खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो ट्रिप प्लान कर रहे हैं या आखिरी समय में सस्ती फ्लाइट ढूंढना चाहते हैं। सबसे खास बात यह है कि यहां दिखाई जाने वाली जानकारी लाइव अपडेट होती है, जिससे यूजर्स को हमेशा ताजा कीमतें और विकल्प मिलते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल ?

ChatGPT के जरिए फ्लाइट सर्च करने के लिए यूजर्स को कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले ChatGPT ऐप या वेबसाइट में लॉग-इन करें। इसके बाद मेन्यू में जाकर Apps सेक्शन खोलें और Skyscanner को एक्टिवेट करें। फिर एक नया चैट शुरू करें और अपनी जरूरत के मुताबिक सर्च लिखें, जैसे— "दिल्ली से लंदन के लिए अगले महीने की सबसे सस्ती फ्लाइट बताएं।" इसके बाद AI टूल आपको तुरंत कई विकल्प दिखा देगा, जिनमें कीमत, एयरलाइन और यात्रा समय जैसी पूरी जानकारी शामिल होगी।

### क्या हैं इसके फायदे ?

इस फीचर की मदद से यूजर्स एक ही जगह पर कई फ्लाइट ऑप्शन्स देख सकते हैं और आसानी से उनकी तुलना कर सकते हैं। अगर आप अपनी सर्च में बदलाव करना चाहते हैं, तो सिर्फ चैट में नया निर्देश देना होगा—पूरी प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की जरूरत नहीं पड़ती।इसके अलावा, यह टूल अलग-अलग एयरलाइंस से डेटा लेकर लगातार अपडेट रहता है, जिससे आपको हमेशा सही और ताजा जानकारी मिलती है। इतना ही नहीं, अब यूजर्स एक ही चैट के भीतर फ्लाइट्स के साथ होटल और कार रेंटल जैसी सेवाएं भी सर्च कर सकते हैं।

## सेबी का बड़ा फैसला, एफपीआई को एक ही दिन के ट्रेड में फंड नेटिंग की अनुमति

मुंबई (ए.)। सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को एक ही दिन के कैश मार्केट ट्रेड में फंड को एडजस्ट (नेट) करने की अनुमति दे दी है।

इस कदम का उद्देश्य कामकाज को आसान बनाना और लागत कम करना है, खासकर इंडेक्स रीबैलेंसिंग के समय। नए नियम के तहत, अब एफपीआई एक ही दिन में किए गए शेयरों की बिक्री से मिले पैसे का इस्तेमाल उसी दिन की खरीद के लिए कर सकेंगे। यानी अब उन्हें हर ट्रांजैक्शन अलग-अलग सेटल करने की बजाय केवल नेट (बचा हुआ) पैसा ही चुकाना होगा।अभी तक एफपीआई को हर ट्रेड का पूरा भुगतान अलग-अलग करना पड़ता था, जिससे ज्यादा पैसे की जरूरत होती थी, लागत बढ़ती थी और विदेशी मुद्रा में नुकसान भी होता था।बाजार के लोगों ने लंबे समय से इस समस्या की शिकायत की थी, खासकर उन दिनों में जब इंडेक्स रीबैलेंसिंग के कारण ट्रेडिंग बहुत ज्यादा होती है और कामकाज मुश्किल हो जाता है।सेबी ने कहा कि यह नया सिस्टम 31 दिसंबर 2026 तक लागू कर दिया जाएगा। रेगुलेटर ने साफ किया कि यह सुविधा केवल आउट्राइट ट्रांजैक्शन पर लागू होगी, यानी जब एक ही सिक्योरिटी में केवल खरीद या केवल बिक्री की गई हो।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# अधिकारों को फिर बल प्रदान

जब देश के कई हिस्सों में फर्ज़ी मुठभेड़ और बुल्डोजर जस्टिस को प्रशासनिक नीति का हिस्सा बना लिया गया है, मद्रास हाई कोर्ट ने यातना के विरुद्ध नागरिकों के मौलिक अधिकार को इतनी गंभीरता से लिया, ये काबिल-ए-तारीफ है। दो व्यक्तियों की हिरासत में मौत के मामले में नौ पुलिसकर्मियों को सजा-ए-मौत सुनाया जाना आज के दौर में असाधारण घटना है। जब देश के कई हिस्सों में फर्ज़ी मुठभेड़ और बुल्डोजर जस्टिस को प्रशासनिक नीति का हिस्सा बना लिया गया है, मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने यातना के विरुद्ध नागरिकों के मौलिक अधिकार के उल्लंघन को इतनी गंभीरता से लिया, ये काबिल-ए-तारीफ है। मामला जून 2020 में कोविड संबंधी प्रतिबंधों के दौरान तय से अधिक समय तक मोबाइल रिपेयर की दुकान खोले रखने से संबंधित था। महज इतनी-सी जुर्म के लिए पुलिस कर्मियों ने 59 वर्षीय जयराज को हिरासत में ले लिया। जब उन्हें छुड़ाने उनके 31 वर्षीय बेटे बेनिक थाने गए, तो उन्हें भी हवालात में डाल दिया गया। वहीं दोनों की मौत हो गई। मजिस्ट्रेट की जांच के दौरान उनके शरीर पर गंभीर किस्म के 18 जख्म पाए। इनमें जलने के निशान भी थे। डॉक्टरों की टीम ने पुष्टि की कि दोनों की मौत उन्हीं जख्मों के कारण हुई। इस पर भड़के जन विरोध के मद्देनजर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। हाई कोर्ट ने सीबीआई की इस दलील को स्वीकार किया है कि हिरासत में रात भर दी गई यातना पूर्व-नियोजित थी, इसलिए आरोपियों को अधिकतम संभव दंड मिलना चाहिए। सजायाफ्ता पुलिसकर्मियों के पास अभी सुप्रीम कोर्ट में जाने का विकल्प है। मगर अब तक की न्यायिक कार्यवाही से स्पष्ट है कि जब देश महामारी से गुजर रहा था, उन पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकार का दुरुयोग किया। दो आम नागरिकों को हिरासत में लेकर उन्होंने उनकी जान ले ली। उनका मकसद क्या था, इस बारे में अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। मगर ऐसी घटना किसी रूप में क्षम्य नहीं है। डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल सरकार के मामले में 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने हिरासत में मौतों को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। लेकिन उसके बाद देश का माहौल बदलता चला गया, जिससे नागरिक अधिकार पृष्ठभूमि में चले गए। मगर मद्रास हाई कोर्ट ने अपने ताजा फैसले से उन अधिकारों को फिर बल प्रदान किया है।

## (चिंतन-मनन) भावना भी समझें

एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।हर आदमी ?से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

# बंगाल विधानसभा चुनाव में द्वितीय चरण मुख्य मुकाबला एस आई आर और ममता की सत्ता विरोधी लहर के बीच

अजय दीक्षित

कांग्रेस के लोकसभा में नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने धर्म आधारित ध्रुवीकरण कर भारतीय जनता को को बंगाल में घुसने का मौका दिया है।

बंकिम चंद्र चटर्जी, रविंद्र नाथ टैगोर, रामकृष्ण परमहंस, और विवेकानंद एवम आनंद मठ की धरती

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को उन 144 सीटों पर विधानसभा चुनाव है जिन पर 2021 में भारतीय जनता पार्टी 18 सीट जीती थी जबकि 59 अन्य सीट पर 23अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में जीती थी इस प्रकार कुल 77 विधायक चुने गए थे।

ये सभी सीटें उत्तरी बंगाल और मध्य बंगाल में है ये सीटें दार्जलिंग, सिलीगुड़ी, न्यू जलपाईगुड़ी, और असम से लगी सीमा, मध्य बंगाल में बर्धमान, मालदा, वीरभूमि, मेदिनीपुर, बांकुरा, चौबीस परगना में है ।

29 अप्रैल को चुनाव होंगे वे कोलकाता, मुर्शिदाबाद, मालदा, 24 परगना, प्रेसीडेंसी और बिहार से लगे सीमा पर है। कुल 294 सीट में से 142 सीट पर ममता बनर्जी के गढ़ में 29 अप्रैल को मतदान है । भारतीय जनता पार्टी 23 अप्रैल की 152 में से अगर 95 सीट जीत गई तो उसे बहुमत मिल सकता है।

अब राजनीतिक अकड़ेबाज अभिताभ तिवारी कहते है ।2021 की तुलना में भारतीय जनता पार्टी का हिंदू वोट कंसोलिडेटेड हुआ है। 2021 में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच 40 ,48 प्रतिशत का फासला था । हिंदुओं में भाजपा को एससी,एसटी,ओबीसी, में अच्छा समर्थन था लेकिन उसे अपर कास्ट हिंदुओं का समर्थन नहीं मिला।



क्योंकि ये भद्र लोक सेकुलर है और मुस्लिम से मिलकर तुड़मूल कांग्रेस का वोटर और 20 फीसदी के आसपास है लेकिन इस बार ऐसा लगता है कि इसमें से 10, फीसदी यानि आधा वोट भारतीय जनता पार्टी की ओर जा सकता है। कुल वोट भाजपा के पक्ष 45 फीसदी वोट हो सकता है। ममता बनर्जी का कोर वोट महिलाओं में भी भाजपा ने सेंध मारी की है ।

लेकिन मुस्लिम वोट धुव्रीकरण हो सकता है और बजाय कांग्रेस, सीपीएम, एआईएमआईएम, को मिलने सीधा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तुड़मूल कांग्रेस को जा सकता है।ममता बनर्जी ने अधिकतर सीट पर सभाएं की है। अभिषेक बनर्जी भी खूब रैली कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सुबेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, लॉकेट चटर्जी, मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, असम के मुख्यमंत्री हेमंत शर्मा अनेक लोग इस चुनाव में पूरी ताकत झोंके है। बंगाल के गार्जियन के कोलकाता स्थित ब्यूरो प्रमुख आसिफ मुस्तफा कहते हैं कि ऐसा चुनाव उन्होंने जीवन में नहीं देखा है। भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी के समक्ष जैसे तलवार उथली है।

चुनाव आयोग ने 2 लाख पेरा मिलिट्री फोर्स लगाया है।

प्रत्येक बूथ पर सीसीटीवी कैमरा और उन्हें इंटरनेट से जोड़ा गया है इनकी ऑब्जर्वेशन के लिए प्रत्येक 100 बूथ पर एसडीएम स्तर का अधिकारी तैनात किया गया है ।राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर, आयुक्त, राज्य पुलिस डायरेक्टर जनरल चुनाव आयोग ने तैनात किए हैं।

वोटिंग के दिन या प्रचार बंद होने से मतदान पूरा होने तक मोटरसाइकिल,बस,अन्य बहन नहीं चल सकेंगे।

6 अप्रैल को जब प्रणब राव ने एक्सिस माई इंडिया के लिए सर्वे किया था तब 140 से160 सीट तुड़मूल कांग्रेस को 120 से 140 सीट भारतीय जनता पार्टी को मिलती दिख रही थी लेकिन 20 अप्रैल का सर्वे बराबर पर आ पहुंचा है।

जयंत घोषाल कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी को प्रेसीडेंसी में बढ़त हासिल हुई है।

लेकिन 15 वर्ष की सत्ता विरोधी लहर भी ममता बनर्जी का खेल बिगाड़ सकती है।

लोगो में भ्रष्टाचार, भाई भतीजा बाद,सड़क में गड्ढे, केंद्रीय योजनाओं का लाभ न मिलना, बेरोज़गारी, पलायन, शिक्षा, चिकित्सा, जैसे मुद्दे है। स्वप्न दास गुप्ता कहते कि भारतीय जनता पार्टी के साथ भी कमियां हैं कि प्रदेश भाजपा में गुटबाजी है। और संगठन ,बूथ पर कमजोर लेकीन है । आनंद बाजार पत्रिका में आज एक लेख छपा है जिसमें कहा गया है कि अब बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का उदय संभव है क्योंकि तुड़मूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में अपनी पार्टी के प्रति नाराजगी है। तुड़मूल के असामाजिक तत्वों ने सुबेदु सरकार को दराज पर में हमला किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया जिले की सभा में व्यंग किया कि झाल पूरी उनने खाई और मिर्ची तुड़मूल कांग्रेस को लग गई।

# पंचायत से संसद तकः नारी नेतृत्व, डिजिटल सुशासन और विकसित भारत का संकल्प

**प्रो. एस. पी. सिंह बघेल**

जब कोई राष्ट्र अपनी जड़ों को सींचता है, तो उसकी शाखाएं आसमान छूती हैं। भारत की वे जड़ें उसकी पंचायतें हैं और उन पंचायतों की आत्मा आज उसकी महिलाएं हैं। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से जब गांवों की सरकार को संवैधानिक मान्यता मिली, तो भारतीय लोकतंत्र ने एक नया अध्याय लिखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में पंचायती राज को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सत्ता केवल दिल्ली के गलियारों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के अंतिम गांव की दहलीज़ तक पहुंचे। विकसित भारत 2047 का विजन 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों की मजबूत नींव पर आधारित है, जो देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या की जीवनरेखा हैं।

**लोकतंत्र की पाठशाला: नारी नेतृत्व का उदय**

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 एक विशेष गौरव के साथ मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री जी ने पंचायती राज संस्थाओं को देश में महिला नेतृत्व की सबसे बड़ी पाठशाला बताया – यह उस वास्तविकता की स्वीकृति थी जो आज ग्रामीण भारत में प्रतिदिन घटित हो रही है।

देशभर में पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित प्रतिनिधियों की कुल संख्या 32 लाख से अधिक है। वर्तमान में उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 12,14,885 महिलाएँ हैं, जो कुल का लगभग 49.75 प्रतिशत हैं। 21 राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित प्रदेशों ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है। पिछले चार वर्षों में संचयी रूप से 33.50 लाख महिला प्रतिनिधियों को नेतृत्व एवं सुशासन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है – और 2025-26 में ही 9.37 लाख महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 47.7 प्रतिशत की वृद्धि है।

**सशक्त पंचायत नेत्री अभियान और नारी शक्ति वंदन अधिनियम**

'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनकी संवैधानिक जिम्मेदारियों, अधिकारों और नेतृत्व क्षमताओं के प्रति सजग और सक्षम बनाता है। 'महिला-हितैषी ग्राम पंचायत' और 'निर्भय रहो' जैसी पहलें महिलाओं को जमीनी लोकतंत्र में सुरक्षित और सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही हैं। 'निर्भय रहो' निर्भया फंड के अंतर्गत संचालित है और यह कानूनी जागरूकता, सामाजिक संवेदनशीलता एवं तकनीकी सशक्तिकरण को एकीकृत करते हुए ग्रामीण शासन में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम – लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए – भारतीय लोकतंत्र में उनकी भूमिका को स्थायी और सशक्त रूप से स्थापित करता है। पंचायतों की पाठशाला में तैयार महिला नेतृत्व ही विधानसभाओं और संसद में बदलाव की वाहक बनेगी।

**सोलहवाँ वित्त आयोग: संसाधनों में अभूतपूर्व वृद्धि**


वित्तीय सशक्तिकरण किसी भी संस्था की कार्यक्षमता की आत्मा होती है। 16वें वित्त आयोग ने 2026 से 2031 की अवधि के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों को 4.35 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आवंटन किया है – जो 15वें वित्त आयोग की तुलना में 84 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2026-27 में ही 1.40 लाख करोड़ रुपये का अनुदान आवंटित है। यह वित्तीय सुदृढ़ता पंचायतों को केवल खर्च करने की क्षमता नहीं देती, बल्कि उन्हें विकास के एजेंडा को स्वयं निर्धारित करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। स्व-स्रोत राजस्व नीति और प्रदर्शन-आधारित अनुदान ने पंचायतों में जवाबदेही और प्रतिस्पर्धा – दोनों को एक साथ प्रोत्साहित किया है।

**समावेशी और पारदर्शी शासन**

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मार्गदर्शक मंत्र पंचायती राज मंत्रालय के प्रत्येक कदम का आधार है। ई-ग्राम स्वराज मंच के माध्यम से देशभर की ग्राम पंचायतों ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑनलाइन भुगतान संसाधित किए हैं। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली से एकीकृत यह मंच प्रत्येक लेनदेन को सीधे विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं तक वास्तविक समय में पहुंचाता है। 2.5 लाख से अधिक पंचायतों और 1.6 करोड़ वेंडर्स का इससे जुड़ना डिजिटल सुशासन की व्यापक स्वीकृति का प्रमाण है। वर्ष 2025-26 में 2.5 लाख से अधिक पंचायतों ने सतत् विकास लक्ष्यों को 9 थीम्स में विभाजित कर अपनी विकास योजनाएँ स्वयं तैयार कीं – ग्रामीण विकास को लक्ष्य-उन्मुख और परिणाम-केंद्रित बनाते हुए।

**पैसा रैंकिंग: अनुसूचित क्षेत्रों में स्वशासन की नई पहल**

पंचायती राज मंत्रालय ने पहली बार 25 जनवरी 2026 को वर्ष 2024-25 के लिए पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के अंतर्गत राज्यों के प्रदर्शन की राज्यवार रैंकिंग जारी की। इसका उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना तथा अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा आधारित स्वशासन को मजबूत करना है। इस रैंकिंग में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश फ्रंट रनर श्रेणी में रहे; राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना परफॉर्मर श्रेणी में रखे गए हैं, जबकि आंध्र प्रदेश और गुजरात आकांक्षी श्रेणी में शामिल हैं। यह रैंकिंग दस पेसा राज्यों – आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना – की प्रगति, क्षमता और संभावनाओं को रेखांकित करती है। सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप, मंत्रालय पेसा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों के साथ निरंतर समन्वय और सहयोग कर रहा है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों में फाइनेंस का ध्यान जरूर रखें। आज व्यवसायियों के साथ चल रही प्रतिस्पर्धा से दूर रहें। आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यभार की अधिकता की वजह से व्यस्तता रहेगी और अतिरिक्त समय भी देना पड़ेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सकारात्मक विचारधारा वाले लोगों के संपर्क में रहने का अवसर मिलेगा। आज अपनी मूल्यवान वस्तुओं को बहुत संभालकर रखें,साथ ही अनावश्यक बढ़ते खर्चों पर भी अंकुश लगाएं।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज शुभ समाचार मिलेगा और खास काम बन जाने से मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफलता भी हासिल होगी। किसी प्रकार की प्रॉपर्टी संबंधी अगर मामला रुका हुआ है, आज उस पर ध्यान केंद्रित करें। आज सफलता पाने के लिए बहुत अधिक मेहनत की भी जरूरत है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी विशेष प्रयोजन को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगेऔर काफी हद तक सफल भी रहेंगे। आज घर में नवीन वस्तु की खरीदारी भी संभव है। साथ ही निकट संबंधियों की भी आवाजाही बनी रहेगी। आज मन मुताबिक तरीके से काम ना बनने पर थोड़ी उलझन होगी।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके प्रयासों से परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। लेकिन सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार अवश्य करें। आज विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई और करियर से संबंधित गतिविधियों को लेकर गंभीर रहेंगे। अपरिचित लोगों पर बिल्कुल भी भरोसा ना करें।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस में निजी कामों के कारण बिजनेस में लापरवाही न करें। हर काम योजना बनाकर पूरा करने की कोशिश करें। नौकरी कर रहे लोग को काम की अधिकता की वजह से ऑफिस ससे घर पहुंचने में देर होगी। आज आपको खास उपलब्धि मिलने वाली है इसलिए व्यवस्थित दिनचर्या बनाएं और अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे।

तुला राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में आकर निर्णय लेने से बचे। आज वाद-विवाद की स्थिति से दूर रहें।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपके द्वारा कई तरह की गतिविधियां होने वाली है। अपनी दिनचर्या और व्यक्तित्व के प्रति जागरूक रहें। आज आपको आय के कई मौके मिलने वाले है। इस मौके को हाथ से ना जाने दें। अपनी योजनाओं को गोपनीय तरीके से शुरू करेंगे। किसी काम में अनुरूप परिणाम न मिलने से थोड़े परेशान होंगे लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा रिजल्ट आयेगा। आज किसी समस्या का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जिससे आप अपने आपको पुन: ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। इस समय अपने महत्वपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता पर रखें।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस तरह की गई कोशिश से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा और रिश्ते में भी मधुरता बढ़ेगी। आज आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत भी करेंगे। घर में मांगलिक कार्य संबंधी योजना भी बनेगी।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपके उचित सहयोग और व्यवस्थित रहने से घर और व्यवसाय दोनों जगह शांत वातावरण बना रहेगा। नजदीकी यात्रा भी संभव है जो की लाभदायक रहेगी। रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ भी कुछ समय बिताने से रिश्ते में मजबूती आएगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका व्यक्तिगत कार्य संपन्न होने वाला है। सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। साथ ही अनुभवी और सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ में रहें।

# भारतीय ज्ञान-संपदा और वैश्विक नवाचार के बीच संवाद

**- ललित गर्ग**

**विश्व बौद्धिक संपदा दिवस, 26 अप्रैल 2026 पर विशेष )**

प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस केवल किसी कानूनी अधिकार की औपचारिक स्मृति नहीं है, बल्कि यह मानव मस्तिष्क की उस सृजनशील शक्ति का उत्सव है जिसने सभ्यता को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर किया। इस वर्ष का विषय खेल और बौद्धिक संपदा को जोड़ते हुए यह संदेश देता है कि सृजन, परिश्रम और संरक्षण-ये तीनों मिलकर विकास की नई दिशा निर्मित करते हैं। आज जब संसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, डिजिटल माध्यम और अंतरिक्ष अनुसंधान के युग में प्रवेश कर चुका है, तब बौद्धिक संपदा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। किसी राष्ट्र की शक्ति अब केवल उसकी भौतिक संपदा से नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक क्षमता, अनुसंधान परंपरा और ज्ञान के संरक्षण से भी मापी जाने लगी है। बौद्धिक संपदा का अर्थ है मनुष्य के मस्तिष्क से उत्पन्न वह मौलिक रचना जो समाज को नया विचार, नया उपकरण, नई कला, नई तकनीक या नई दिशा प्रदान करे। साहित्य, संगीत, वैज्ञानिक खोज, औषधि, तकनीकी आविष्कार, औद्योगिक रचना और विशिष्ट परंपरागत ज्ञान-ये सब बौद्धिक संपदा के अंतर्गत आते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी सर्जक की रचना का अनुचित उपयोग न हो और उसके श्रम को उचित सम्मान तथा संरक्षण मिले। यह संरक्षण केवल व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मविश्वास और आर्थिक प्रगति के लिए भी आवश्यक है।

यदि विश्व के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो पश्चिमी देशों ने आधुनिक बौद्धिक संपदा व्यवस्था को संगठित रूप प्रदान किया। यूरोप और अमेरिका ने पेटेंट, प्रतिलिप्यधिकार और व्यापार चिह्नों के माध्यम से नवाचार को उद्योग से जोड़ा। वहां विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के बीच समन्वय ने ज्ञान को आर्थिक शक्ति में परिवर्तित किया। औद्योगिक क्रांति से लेकर डिजिटल क्रांति तक अनेक आविष्कारों ने विश्व की दिशा बदली। कंप्यूटर, इंटरनेट, जैव चिकित्सा और संचार क्रांति का आधार भी इसी संरक्षित बौद्धिक संपदा प्रणाली में निहित रहा। इन देशों ने यह समझ लिया कि भविष्य की समृद्धि केवल भूमि और खनिजों में नहीं, बल्कि विचारों की मौलिकता में छिपी है। किन्तु भारत की बौद्धिक परंपरा इससे कहीं अधिक प्राचीन और गहरी रही है। भारत ने संसार को केवल वस्तुएँ नहीं दीं, बल्कि जीवन-दृष्टि दी है। जब अनेक सभ्यताएँ अस्तित्व की खोज में थीं, तब भारत वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, गणित, ज्योतिष, दर्शन और व्याकरण के माध्यम से ज्ञान के उच्च शिखर पर खड़ा था। शून्य का सिद्धांत, दशमलव पद्धति, धातु विज्ञान, शल्य चिकित्सा, योग-साधना और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन की अवधारणा भारतीय मनीषा की देन हैं। आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत, पाणिनि और पतंजलि जैसे महापुरुषों ने ऐसे ज्ञान-स्रोत दिए जिनसे विश्व आज भी प्रेरणा लेता है। यह भारतीय बौद्धिक संपदा का वह स्वरूप है जो किसी दस्तावेज में पंजीकृत नहीं था, फिर भी मानवता की चेतना में अंकित रहा।

विश्व की आधुनिक बौद्धिक संपदा मुख्यतः व्यक्तिगत स्वामित्व पर आधारित है, जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा सामूहिक कल्याण पर आधारित रही है। भारत में ज्ञान को व्यापार नहीं, साधना माना गया। यहां ऋषियों ने अपने अनुभवों को मानवता के लिए मुक्त रखा। सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना में ज्ञान का उद्देश्य निजी लाभ नहीं, लोकमंगल था। यही कारण है कि भारतीय बौद्धिक संपदा का स्वरूप नैतिकता और आध्यात्मिकता से जुड़ा रहा। पश्चिम ने ज्ञान को संरक्षित कर समृद्धि अर्जित की, जबकि भारत ने ज्ञान को साझा कर संस्कृति अर्जित की। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी इस प्राचीन परंपरा को आधुनिक संरक्षण व्यवस्था से जोड़े ताकि उसका पारंपरिक ज्ञान वैश्विक बाजार में शोषण का शिकार न हो। हल्दी, नीम और बासमती जैसे उदाहरण इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। कभी विदेशी संस्थानों ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर अधिकार स्थापित करने का प्रयास किया, किंतु भारत ने प्रमाण देकर सिद्ध किया कि यह ज्ञान उसकी सांस्कृतिक धरोहर है। इसके बाद भारत ने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय जैसी पहल कर यह दिखाया कि अपनी बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक साधनों का उपयोग कितना आवश्यक है। यह केवल अधिकार की रक्षा नहीं थी, बल्कि अपनी सभ्यता के सम्मान की रक्षा भी थी।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में बौद्धिक संपदा का प्रश्न और जटिल हो गया है। मशीनें चित्र बना रही हैं, लेख लिख रही हैं, संगीत रच रही हैं और निर्णय प्रक्रिया में भाग ले रही हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न उठ रहा है कि सर्जक कौन है-मनुष्य या मशीन? यदि किसी कृत्रिम प्रणाली ने कोई नई खोज की तो उसका अधिकार किसे मिलेगा? यह चुनौती केवल कानून की नहीं, बल्कि दर्शन की भी है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर भी है क्योंकि यहां मानव-केंद्रित ज्ञान परंपरा है। भारत आधुनिक तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़कर बौद्धिक संपदा की नई दिशा दे सकता है। भारत आज नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवा उद्यमिता, अंतरिक्ष विज्ञान, औषधि निर्माण, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ग्रामीण तकनीक के क्षेत्रों में भारत ने विश्व को चकित किया है। चंद्रयान और गगनयान जैसे अभियानों ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों में भी मौलिक बुद्धि चमत्कार कर सकती है। भारतीय औषधि उद्योग ने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय सस्ती दवाओं और टीकों के माध्यम से विश्व का विश्वास जीता। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय बौद्धिक क्षमता का वैश्विक प्रमाण है। फिर भी भारत को अभी लंबा मार्ग तय करना है। विश्व के विकसित देशों की तुलना में अनुसंधान निवेश, पेटेंट आवेदन, विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग और कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में भारत को और सशक्त होना होगा।





## एक लाख में बिक रहा पीएम मोदी का झालमुड़ी वाले को दिया 10 का नोट! खरीदने वालों की लगी होड़



नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार अपने चरम पर है, लेकिन राजनीतिक रैलियों और तीखे बयानों के बीच एक दिलचस्प घटना ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। Narendra Modi की एक साधारण सी मुलाकात अब चर्चा का बड़ा विषय बन गई है।

दरअसल, झाड़ग्राम में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद लौटते समय प्रधानमंत्री मोदी का काफिला अचानक सड़क किनारे एक झालमुड़ी विक्रेता के पास रुक गया। यहां उन्होंने आम लोगों की तरह 10 रुपये की झालमुड़ी खरीदी, उसका आनंद लिया और बदले में दुकानदार को 10 रुपये का नोट दिया। झालमुड़ी बेचने वाले के लिए यह पल किसी सपने से कम नहीं था। जैसे ही यह खबर फैली कि प्रधानमंत्री उसकी दुकान पर रुके थे, वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी। हर कोई उस जगह को देखने और उस दुकानदार से मिलने पहुंचने लगा। लेकिन असली चर्चा तब शुरू हुई, जब लोगों को पता चला कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया 10 रुपये का वही नोट अभी भी दुकानदार के पास सुरक्षित है।

## हाथी दांत को 3.5 करोड़ रुपए में बेचने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

मुंबई ,(आरएनएस)। मुंबई में वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चेम्बूर पुलिस ने करोड़ों रुपये के हाथी दांत बेचने की कोशिश कर रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई क्राइम डिटेक्शन यूनिट द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें अवैध रूप से हाथी दांत की खरीद-फरोख्त की योजना का खुलासा हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश अशोक अव्हाड (28), संदीप रणधीर बिडलान (33), शशांक चंद्रशेखर रंजंकर (38) और दिनेश राममनोहर अग्निवंशी (40) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इन सभी ने मिलकर हाथी दांत की अवैध बिक्री के लिए सौदा तय किया था। जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल को चेम्बूर के आरसी मार्ग स्थित एक होटल में पुलिस ने योजना बनाई। इसके बाद मुखबिरों को खरीदार बनाकर आरोपियों से संपर्क कराया गया और सौदे को अंतिम रूप देने के लिए एक स्थानीय लॉज में कमरा बुक किया गया। आरोपियों ने तय योजना के तहत वहां हाथी दांत पहुंचाया।

## दीदी जाने वाली हैं, बीजेपी आने वाली है', अमित शाह का दावा, पहले चरण की 152 सीटों में से 110 सीटें जीतेगी पार्टी



कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने जा रही है। कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमित शाह ने कहा कि 152 सीटों में से भाजपा 110 से अधिक सीटें जीतेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भाजपा की बंगाल टीम ने अपना आकलन किया है। इसके आधार पर वे कह सकते हैं कि 152 सीटों में से भाजपा के 110 से अधिक सीटें जीतने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण को भी ध्यान में रखते हुए भाजपा बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। बंगाल में रिकॉर्ड मतदान को लेकर अमित शाह ने कहा कि गुरुवार को बंगाल विधानसभा 2026 के चुनाव के प्रथम चरण में मतदान के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए बंगाल की जनता ने अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ बंगाल में परिवर्तन के लिए वोट डाला है। उन्होंने कहा, मतदान का जो प्रतिशत सामने आया है, वो पूरे देश के लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है। मैं प्रथम चरण में वोट डालने वाले बंगाल के सभी मतदाताओं का अभिनंदन और धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने भय से भरोसे की यात्रा को बहुत अच्छे से शुरू किया है और दूसरे चरण के मतदाता भी भय से भरोसे की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।बंगाल की जनता के नाम संदेश में अमित साह ने कहा, देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा से जुड़ चुका है। आपका प्यार, आपका उत्साह और आपका भरोसा, पूरे प्रचार अभियान में नरेंद्र मोदी जी के लिए सामने से दिखाई दे रहा है।



अर्थशास्त्री और नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

## यूपी चुनाव में आरपीआई (अठावले) की एंट्री

### बीजेपी से मांगीं 25 सीटें, मांग पूरी न होने पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान

लखनऊ,(ए.)। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में रामदास अठावले की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अआवले) (आरपीआई-ए) ने राज्य की राजनीति में सक्रिय एंट्री का ऐलान किया है। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी से 25 सीटों की मांग की है।

लखनऊ में जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि आरपीआई-ए आगामी चुनाव को लेकर अपनी रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। पार्टी ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत कर रही है, ताकि 2027 के चुनाव में प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई जा सके। रामदास अठावले ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उत्तर प्रदेश में भी बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि सीटों को लेकर सहमति नहीं बनती है, तो आरपीआई-ए राज्य में अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर ट्रेलर से भिड़ी, पांच लोगों की मौत

मऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा बशारतपुर के पास गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर हुआ। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर ट्रेलर से भिड़ गई। घोसी के क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हमें देर रात सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम मौके पर रवाना की गई। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि एक वाहन डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में चला गया था और सामने से आ रहे वाहन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है।




पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों और राहत दल की सहायता से बचाव कार्य शुरू किया। वाहन को काटने में काफी समय लगा, क्योंकि टक्कर बहुत ही तेज थी। लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी पांचों लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर जिले के निवासी अपनी बेटी की शादी के सिलसिले में झारखंड के रांची गए थे। शादी संपन्न होने के बाद वह अपने परिवार के साथ गाड़ी से वापस घर लौट रहे थे। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। शनिवार रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच जैसे ही वाहन कुसुम्हा बशारतपुर के पास पहुंचा, चालक को झपकी आ गई। इसके चलते स्कॉर्पियो नियंत्रण से बाहर हो गई। पहले वह डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में पहुंचकर सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग अंदर ही फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही दोहरीघाट पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। हादसे के बाद पूरे इलाके और मृतकों के गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल करा दिया गया है।

## 1984 दिल्ली सिख दंगों के दोषी सज्जन कुमार की बढ़ी मुश्किलें, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से किया इंकार

नई दिल्ली,(आरएनएस)। 1984 दिल्ली सिख दंगों के दोषी कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सज्जन कुमार को जमानत देने से इनकार कर दिया है।

सज्जन कुमार की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि वह पिछले 7 साल 4 महीने से जेल में है। उनकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार है और चल-फिर नहीं सकती हैं, वह अपनी पत्नी से एक बार भी नहीं मिल पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल जमानत देने से इनकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई जुलाई के लिए तय की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2013 में सज्जन कुमार को निचली अदालत द्वारा बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया था।

इससे पहले, 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े जनकपुरी, विकासपुरी हिंसा मामले में राउज



एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया था। इस हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले के फिर से उजागर होने के बाद एसआईटी ने फरवरी 2015 में सज्जन कुमार और अन्य आरोपियों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थी। पहली एफआईआर जनकपुरी में एक नवंबर 1984 को सरदार सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या से जुड़ा था। दूसरी एफआईआर जनकपुरी में 2 नवंबर 1984 को सरदार गुरचरण सिंह को जिंदा जलाकर मार डालने की वारदात के लिए दर्ज की गई थी।

इन मामलों में 7 जुलाई 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार ने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने कहा था कि वह कभी भी 1984 के सिख विरोधी दंगों में शामिल नहीं थे, उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। जांच एजेंसी पर उन्होंने निष्पक्ष जांच नहीं करने का आरोप लगाया था। सज्जन कुमार पहले से ही 1984 दंगों के एक अन्य मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें दिल्ली कैंट और पालम कॉलोनी क्षेत्र में पांच सिखों की हत्या और एक गुरुद्वारे को जलाने के मामले में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।



*पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, पुरबा बर्धमान ज़िले में रैना विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार सुभाष पात्रा के समर्थन में आयोजित एक रोड शो के दौरान, केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता जगत प्रकाश नड्डा समर्थकों का अभिवादन करते हुए।*

## पुरुष धोती-कुर्ता तो महिलाएं साड़ी या सूट पहन करें रामलाल के दर्शन



### -अयोध्या में मंदिर ट्रस्ट ने जारी की नई एडवाइजरी

अयोध्या,(ईएमएस)। भीषण गर्मी और बढ़ती श्रद्धालु संख्या के बीच राम मंदिर अयोध्या में दर्शन व्यवस्था को ज्यादा सुगम बनाने के लिए ट्रस्ट ने नई एडवाइजरी जारी की है। ऑनलाइन दर्शन पास बुकिंग के फॉर्मेट में बदलाव किया गया है, जबकि समग्र व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं से भारतीय परिधान में दर्शन करने की अपील की गई है। गर्मी के कारण दर्शन के समय और भीड़ के पैटर्न में भी बदलाव किया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन और ट्रस्ट दोनों स्तर पर व्यवस्थाएं लगातार अपडेट की जा रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भारतीय परिधान में मंदिर में प्रवेश करें। पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता या धोती-पजामा और महिलाओं के लिए साड़ी, पंजाबी ड्रेस या चूड़ीदार-दुपट्टा पहनने की सलाह दी गई है। हालांकि, इसे अनिवार्य नहीं किया गया है, लेकिन ट्रस्ट ने इसे धार्मिक और सांस्कृतिक मर्यादा के अनुरूप बताया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट पर दर्शन पास बुकिंग के फॉर्मेट में बदलाव किया गया है। अब सामान्य दर्शन पास के साथ अन्य श्रेणियों के विकल्प भी दिए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को अपनी सुविधा के मुताबिक पास चुनने में आसानी होगी। ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी के मुताबिक सुगम और विशिष्ट दर्शन पास की व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सामान्य श्रद्धालुओं के लिए भी पास जारी किए जा रहे हैं, जिससे वे रामलला और राम दरबार के साथ अन्य मंदिरों के दर्शन कर पा रहे हैं। चिलचिलाती धूप का असर अब मंदिर में दर्शन के समय पर भी साफ दिख रहा है।

## मुंबई पुलिस ने 367 वॉन्टेड और फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

मुंबई, (ए.)। मुंबई पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जनवरी से मार्च 2026 के बीच चलाए गए विशेष अभियान में कुल 367 वॉन्टेड और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान को पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में सख्त योजना और रणनीति के तहत चलाया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया गया है और कई मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इस कार्रवाई की सबसे खास बात यह रही कि इनमें से 18 आरोपी ऐसे थे जो 20 साल से भी ज्यादा समय से फरार थे, जिससे लंबे समय से लंबित मामलों को अब गति मिलने की उम्मीद है। इस अभियान के दौरान कुछ बेहद पुराने मामलों में भी सफलता मिली। आज़ाद मैदान पुलिस स्टेशन ने 1987 से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं एन. एम. जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन ने 1988 से फरार आरोपी को पकड़ा। यह कार्रवाई मुंबई पुलिस की लगातार और योजनाबद्ध मेहनत को दर्शाती है, जिससे यह साफ होता है कि चाहे मामला कितना भी पुराना क्यों न हो, पुलिस उसकी जांच जारी रखती है।

## दिल्ली में झुलसा देने वाली गर्मी, लू और तेज हवाओं से बढ़ी लोगों की परेशानी

नई दिल्ली (ए)। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में पिछले 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अधिक बदलाव नहीं देखने को मिला। इस दौरान अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहा है। इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों के लिए घर से बाहर निकलना ऐसा हो गया है जैसे आग की भट्टी में तपना। दिल्ली का हाल तो और बेहाल है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आने वाले दिनों में राजाधानी के गर्मी से कोई राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही। शनिवार (25 अप्रैल) को भी दिल्ली में भीषण गर्मी रहेगी और लू से आम जनता को परेशानी होगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में पिछले 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अधिक बदलाव नहीं देखने को मिला है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

## राजस्थान : नीमराना में कबाड़ के गोदाम में आग लगने से 7 साल की बच्ची समेत 4 लोग जिंदा जले

नीमराना (आरएनएस)। कोटपूतली जिले के नीमराना इलाके में शनिवार रात एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगने से 7 वर्षीय बच्ची सहित चार लोगों की मौत हो गई। भीषण आग और उसके बाद हुए विस्फोट से दहशत



फैल गई थी। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने बताया, चारों शव बरामद कर लिए गए हैं और पूरे इलाके की गहन तलाशी पूरी हो चुकी है। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल पर अपनी जांच शुरू कर दी है। आग लगने के सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है। यह घटना मोहलाडिया गांव के बिचपुरी रोड पर स्थित एक गोदाम में हुई, जहां खाली इत्र की बोतलों सहित बड़ी मात्रा में कबाड़ सामग्री जमा थी।

अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के समय परिसर के अंदर काम कर रहे कई मजदूर फंस गए थे। एक नाबालिग लड़की सहित चार लोग जलकर मर गए, जिनके शवों को बाद में सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें तेजी से उसी परिसर में स्थित एक सटे हुए प्लास्टिक ग्रेन्यूल निर्माण इकाई में फैल गईं। इस दौरान कारखाने में हुए एक जोरदार विस्फोट ने आग को और भी भयंकर बना दिया, जिससे औद्योगिक क्षेत्र और आसपास की रिहायशी बस्तियों से सटे इलाके में दहशत फैल गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, श्रमिकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए क्योंकि गोदाम के गेट पर खड़ी एक ट्रक में आग लग गई और उसने निकलने का रास्ता बंद कर दिया।

# रकुल प्रीत सिंह ने रेड ड्रेस में ढाया कहर, पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस की ग्लैमरस फोटोज वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पति पत्नी और वो दो को लेकर चर्चा में हैं. आजकल वो फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं. अब इस बीच रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. हर एक फोटोज में उनका अंदाज देखने लायक है.

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने दिख रही हैं. रकुल प्रीत सिंह ने अपने लुक को पूरा करने के लिए हल्का मेकअप किया हुआ है. इसके साथ उन्होंने गोल्डन इयररिंग्स पहने हैं. हाई पोनीटेल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं. रकुल ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रूप दी रानी को लगता है, लाल ड्रेस चुरा लेती है... है ना? उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. रकुल कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं. उनकी कालिताना अदाओं ने फैंस को दीवाना बना दिया है. पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस का ये अंदाज देखने लायक है. हर एक तस्वीर में उनकी खूबसरती साफ झलक रही है. रकुल प्रीत सिंह का ये स्टनिंग लुक लोगों को खूब पसंद आ रहा है. यूजर्स अलग-अलग तरह के कमेंट्स कर उनपर प्यार लुटा रहे हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह जल्द ही फिल्म पति पत्नी और वो दो में नजर आएंगी. आयुष्मान खुराना, सारा अली खान और वामिका गब्बी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. ये फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# 'डर नहीं, दहशत हूं'; शाहरुख खान की 'किंग' की रिलीज डेट हुई कंफर्म; मेकर्स ने शेयर किया नया टीजर



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की 'किंग' इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है।

रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर 'किंग' का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि 'किंग' क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की बॉलीवुड के बादशाह के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'एक ऐसी दहाड़ जो साम्राज्य को हिला दे। किंग 24.12.2026 को आ रही है।' साझी की गई छोटी सी झलक में शाहरुख खान एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वो कहते हैं, 'डर नहीं, दहशत हूं।'

शाहरुख खान के साथ 'पठान' का निर्देशन कर चुके सिद्धार्थ आनंद ही 'किंग' का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म की कास्ट पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी।

इसके अलावा फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला, जयदीप अहलावत, रानी मुखर्जी, जैकी श्रॉफ, अभय वर्मा और राघव जुयाल समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म के शीर्षक का खुलासा पिछले साल 2 नवंबर को शाहरुख खान के जन्मदिन पर हुआ था। तब से ही फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। पहले लुक में शाहरुख खान ग्रे कलर के बालों में एक्शन अवतार में नजर आ रहे थे। फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण का रोमांटिक एंगल होगा।

## फिल्म है जवानी तो इश्क... से जारी हुआ जोशीला गाना वाओ, वरुण का डांस उड़ा देगा होश

वरुण धवन 24 अप्रैल, 2026 को 38 साल के पूरे हो गए हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने फैंस को एक खास तोहफा दिया है जो उनकी आगामी फिल्म है जावनी तो इश्क होना है से जुड़ा हुआ है। दरअसल फिल्म का नया गाना वाओ जारी हुआ है जो जोशीले संगीत के साथ बिल्कुल पार्टी वाली वाइब देता है।




गाने में वरुण, माइकल जैक्शन स्टाइल में धमाकेदार डांस कर रहे हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी हैं।यूट्यूब पर जारी हुए इस गाने को पंजाबी गायक हार्डी संधू ने आवाज दी है। उनका साथ किरण बाजवा ने दिया है। तनिष्क बख्शी और परम राज ने संगीत दिया है, जबकि बोल रोनी अजनाली और गिल मछराई ने लिखे हैं। व्याह करावादो जी की सफलता के बाद, फिल्म का यह दूसरा गाना है जिसने आते ही फैंस का दिल जीत लिया।

# एक साल और..., बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं रजत बेदी की बेटी वेरा बेदी? एक्टर ने किया खुलासा



आमतौर पर बॉलीवुड एक्टर्स और एक्ट्रेसेज के बच्चे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखते हैं और उनमें से कई कलाकार अपनी मेहनत और एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बना लेते है. इसी बीच एक्टर रजत बेदी का एक बयान इन दिनों खूब सुर्खियों में है. हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी वेरा बेदी को लेकर एक ऐसा खुलासा किया, जिसने सभी फैंस को एक्साइटेड कर दिया है. अपनी सुंदरता से पहले ही उन्होंने कई लोगों को दीवाना बना दिया है और अब इस खबर के आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है.

रजत बेदी से उनकी बेटी के डेब्यू के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि बेटी अभी पढ़ रही है. वो अभी अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती है. तो एक साल और फिर वहां भी थोड़ा धमाका होगा. जिस हिसाब से पब्लिक का प्यार मिल रहा है, मुझे तो लग रहा है कि अगर वो नहीं भी चाहेगी, तो पब्लिक उसे लेकर आ ही जाएगी. उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू कर दी है और कई फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड है.

अगर रजत बेदी की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार आर्यन खान के पॉपुलर वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया था, जिसमें वो जराज सक्सेना के किरदार में नजर आए थे. इस सीरीज की प्रीमियर में रजत अपनी बेटी वेरा के साथ रेड कार्पेट पर पहुंचे थे, जहां उनकी खूबसूरत नीली आंखों ने खूब चर्चा बटोरी थी. वेरा की उम्र अभी 19 है और अभी वो पढ़ाई कर रही है. वो हमेशा अपने फैशन सेंस को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती है. साथ ही कई लोग उनकी तुलना पॉपुलर एक्ट्रेस करीना कपूर से करते है, जिससे पता चलता है कि लोग उन्हें अभी से ही पसंद करने लगे है.

# ब्रदर्स एंड सिस्टर्स लेकर आ रहे हैं रिश्तों की गर्माहट, मई में ओटीटी पर रिलीज होगी वेब सीरीज



ओटीटी के इस दौर में जहां एक ओर प्रयोगात्मक और अलग-अलग शैलियों का कंटेंट दर्शकों तक पहुंच रहा है, वहीं आज भी एक बड़ा वर्ग पारिवारिक कहानियों से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नई फैमिली ड्रामा वेब सीरीज 'ब्रदर्स एंड सिस्टर्स' दर्शकों के लिए पेश की जा रही है। मेकर्स ने घोषणा की है कि यह शो मई में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा।

इसका निर्देशन चिदंबरम मणिवन्नन ने किया है। यह सीरीज परिवार, रिश्तों और भाई-बहनों के बीच के प्यार और संघर्ष को भावुक अंदाज में पेश करती है। इस वेब सीरीज में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

ब्रदर्स एंड सिस्टर्स की कहानी चार भाई-बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है। सभी भाई-बहनों की सोच, करियर और जिंदगी जीने का तरीका अलग-अलग है। कोई अपने काम में व्यस्त है तो कोई अपनी निजी जिंदगी की परेशानियों से जूझ रहा है, लेकिन इन सबके बीच जो चीज उन्हें जोड़े रखती है, वह है परिवार का रिश्ता और एक-दूसरे के लिए उनका प्यार। सीरीज में इसी रिश्ते की गर्माहट और परिवार के अंदर होने वाले छोटे-बड़े उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। सीरीज में बोस वेंकट एक सख्त पिता के किरदार में नजर आएंगे।उनका किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है, जो कपड़ों का शोरूम चलाता है और अपने परिवार को अपने सिद्धांतों के अनुसार चलाना चाहता है। वहीं गायत्री शास्त्री एक शांत और समझदार गृहिणी की भूमिका निभा रही हैं, जो परिवार को जोड़े रखने की कोशिश करती हैं। इसके अलावा शो में राज अयप्पा, निखिला शंकर, लुथुफ, किशोर, श्रवणिता और प्रोमोथिनी जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। डायरेक्टर चिदंबरम मणिवन्नन ने इस शो को लेकर अपनी भावनाएं भी साझा की हैं। उन्होंने कहा, यह सीरीज मेरे दिल के बेहद करीब है। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स सिर्फ एक कहानी नहीं बल्कि एक एहसास है। यह शो उन परिवारों की याद दिलाएगा, जिनमें हम बड़े हुए हैं। कई बार परिवारों में प्यार खुलकर नहीं दिखता, लेकिन वह हर रिश्ते में मौजूद रहता है।यही भावना इस सीरीज में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा, आज के समय में ज्यादातर लोग सस्पेंस और थ्रिलर कंटेंट बना रहे हैं, लेकिन मैं कुछ ऐसा बनाना चाहता था जो लोगों के दिल को छू जाए।

## द केरल स्टोरी 2 की ओटीटी रिलीज तारीख का ऐलान, 8 मई को जी5 पर होगा प्रीमियर

बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड इसी साल 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और कामाख्या नारायण सिंह द्वारा निर्देशित यह एक क्राइम-ड्रामा फिल्म है, जिसकी पहली कड़ी 2023 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अदा शर्मा ने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया था। वहीं 2026 में आई द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों के बाद अपने डिजिटल प्रीमियर को तैयार है। निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज का ऐलान कर दिया है।सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित द केरल स्टोरी 2 में उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा मुख्य किरदार में हैं। यह कहानी 3 ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मुस्लिम युवकों के प्रेम-जाल में फंसकर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

## फिल्म कृष्णावतारम से पहला गाना हुआ जारी, मंत्रमुग्ध कर देगी प्रेम की लीला

हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी पौराणिक फिल्म कृष्णावतारम इस साल रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में, इसका भव्य ट्रेलर जारी हुआ था जिसे मथुरा स्थित पवित्र श्री कृष्ण जन्मभूमि पर लॉन्च किया गया था। फिल्म का निर्माण साजन राज कुरुप और शोभा संत के क्रिएटिवलैंड स्टूडियोज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। निर्माताओं ने फिल्म से पहला गाना प्रेम की लीला रिलीज किया है जो फैंस को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

प्रेम की लीला गाना फिल्म की भावुक कहानी को पेश करता है। भगवान श्रीकृष्ण, राधा, सत्यभामा और रुक्मिणी को दर्शाने वाले इस गाने में भक्ति, शक्ति और तड़प की एक झलक मिलती है। यह उनकी प्रेम कहानी को समर्पित है। श्रेया घोषाल, जावेद अली और सुवर्णा तिवारी ने मिलकर गाने को आवाज दी है। बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं और प्रसाद शाष्टे ने संगीत दिया है। 3 भागों में बनी कृष्णावतारम की पहली किस्त 7 मई को रिलीज होगी।

# खाने को पकाने के लिए अपनाएं ये 4 सेहतमंद तरीके

खाना पकाने का तरीका हमारे भोजन के पोषण मूल्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ तरीकों से पोषक तत्व बचाए जा सकते हैं, जबकि कुछ से नुकसान भी हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सेहतमंद तरीकों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपने खाने को ज्यादा पौष्टिक बना सकते हैं और सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। सही खाना पकाने का तरीका अपनाकर आप अपने भोजन का पूरा लाभ उठा सकते हैं।

### भाप से खाना पकाना

भाप से खाना पकाना एक बेहतरीन तरीका है, जिससे सब्जियों और अन्य खाने की चीजों के पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। इस विधि में कम से कम पानी का उपयोग किया जाता है, जिससे विटामिन्स और मिनरल्स बचाए जा सकते हैं। भाप से पकाने से सब्जियों का रंग और स्वाद भी बरकरार रहता है। इसके अलावा यह तरीका खाने को अधिक ताजा और पौष्टिक बनाता है, जिससे आपके भोजन का पूरा लाभ उठाया जा सकता है।



### उबालकर खाना बनाना

उबालकर खाना बनाना भी एक सेहतमंद तरीका है, खासकर दालों और अनाजों के लिए। इसमें खाने की चीजों को पानी में डालकर धीमी आंच पर पकाया जाता है, जिससे उनमें मौजूद पोषक तत्व पानी में घुलकर नष्ट नहीं होते। उबालकर खाना बनाने से खाने का स्वाद भी बढ़ जाता है और यह पौष्टिक बना रहता है। इस विधि से पकाने से खाने का पूरा लाभ उठाया जा सकता है और यह आपके भोजन को अधिक पौष्टिक बनाता है।

### ग्रिल करना

ग्रिल करना एक ऐसा तरीका है, जिससे मांसाहारी व्यंजनों को सेहतमंद बनाया जा सकता है। इसमें कम तेल का उपयोग होता है और मांसाहारी व्यंजन ताजगी भरे रहते हैं। ग्रिल करने से मांसाहारी व्यंजनों का स्वाद बढ़ता है और उनमें मौजूद चर्बी कम होती है। इसके अलावा ग्रिल करने से मांसाहारी व्यंजनों में मौजूद पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं, जिससे आपका भोजन अधिक पौष्टिक और सेहतमंद बनता है। यह तरीका आपके खाने को स्वादिष्ट और सेहतमंद बनाता है।

### भूनना

भूनना एक ऐसा तरीका है, जिससे सूखे मेवे, मसाले आदि को पकाया जा सकता है। इसमें कम तेल का उपयोग होता है और स्वाद बढ़ता है। भूनने से मसालों का स्वाद और खुशबू उभरकर आती है, जिससे आपका भोजन अधिक स्वादिष्ट बनता है। इसके अलावा भूनने से पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं, जिससे आपका भोजन पौष्टिक और सेहतमंद बनता है। यह तरीका आपके खाने को ताजा और पौष्टिक बनाता है।

# गर्मियों के दौरान जुखाम या एलर्जी हो गई है ? इन 5 तरीकों से पाएं राहत

अगर गर्मियों के दौरान आपको जुखाम या एलर्जी जैसी समस्या हो जाती है तो इसे नजरअंदाज न करें, क्योंकि इससे आपका संपूर्ण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसके कारण काम करने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा जुखाम या एलर्जी की समस्या से सिरदर्द, गले में खराश और आंखों में खुजली जैसी कई परेशानियां भी हो सकती हैं। आइए आज हम आपको जुखाम या एलर्जी को ठीक करने के लिए कुछ आसान तरीके बताते हैं।

### पानी का सेवन बढ़ाएं

जुखाम या एलर्जी के कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इससे बचने के लिए खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी हो जाता है। इसके लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सबसे अच्छा तरीका है। इसके अलावा आप नारियल पानी, ताजे फलों का रस और छाछ आदि भी पी सकते हैं। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और जुखाम या एलर्जी की समस्या जल्द ठीक हो जाएगी।

### नमक का पानी बनाकर पिएं

जुखाम या एलर्जी के कारण शरीर में नमक की कमी हो सकती है और इससे उभरने के लिए नमक का पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए एक गिलास पानी में थोड़ा-सा नमक मिलाकर इसे पी लें। इससे शरीर में नमक का संतुलन बना रहेगा और जुखाम या एलर्जी की समस्या जल्दी ठीक हो जाएगी। इसके अलावा आप नींबू पानी में भी



थोड़ा-सा नमक मिला सकते हैं, जिससे स्वाद भी बढ़ जाएगा।

### ताजे फलों का सेवन करें

गर्मियों में तरबूज, खरबूज, लीची, आम और अंगूर जैसे कई ताजे फल बाजारों में आसानी से मिल जाते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि इनमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा होती है। यह पोषक तत्व जुखाम या एलर्जी को ठीक करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा ये फल शरीर को हाइड्रेट रखने में भी मदद कर सकते हैं, जिससे ठंड की समस्या का इलाज जल्द होता है। लाभ के लिए इन फलों का सेवन करें।

### जुखाम या एलर्जी से बचाव के उपाय

जुखाम या एलर्जी से बचाव के लिए ज्यादा ठंडी चीजों का सेवन करने से बचें। इसके बजाय हल्का ठंडा खाना खाएं और परेशानी महसूस होने पर ठंडी चीजों का सेवन बिलकुल बंद कर दें। इसके साथ ही ठंड या एलर्जी से ग्रस्त व्यक्ति को ठंडे स्थान पर कम रहना चाहिए और ठंडे पानी से नहाने से बचना चाहिए। इसके अलावा हल्के गर्म पानी या गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। एसी वाले कमरे में सोने से भी परहेज करना चाहिए।

### आरामदायक कपड़े पहनें

गर्मियों के दौरान जुखाम या एलर्जी होने पर सूती कपड़े पहनने चाहिए, क्योंकि ये आरामदायक होते हैं और पसीने को जल्दी सोख लेते हैं। इसके अलावा हल्के रंग के कपड़े पहनने से भी फायदा हो सकता है, क्योंकि ये सूरज की किरणों को कम अवशोषित करते हैं और इनमें पसीना भी सूख जाता। ढीले-ढाले कपड़े पहनना भी अच्छा है, क्योंकि ये हवा को त्वचा तक पहुंचने देते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं।

## ईरान की हरकतों की वजह से होर्मुज स्ट्रेट में खतरा बढ़ा : पीट हेगसेथ

वॉशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर अब भी बड़ा खतरा बना हुआ है, हालांकि सीमित स्तर पर आवाजाही जारी है। अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ वॉर पीट हेगसेथ ने कहा कि इस अहम समुद्री रास्ते से जहाज अभी भी गुजर रहे हैं, लेकिन हालात पहले से ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। उन्होंने पेंटागन में हुई एक ब्रीफिंग में कहा कि यातायात हो रहा है, लेकिन यह उतना नहीं है जितना लोग चाहते हैं और इसमें पहले से ज्यादा जोखिम है।हेगसेथ ने कहा कि यह खतरा ईरान की गतिविधियों की वजह से बढ़ा है, जिसमें तेज रफ्तार वाली छोटी नावों का इस्तेमाल और व्यापारिक जहाजों को धमकाना शामिल है। ये सिर्फ कमर्शियल जहाज हैं इन्हें धमकाया जा रहा है।अमेरिका ने संभावित खतरों के खिलाफ सख्त जवाबी कार्रवाई की अनुमति दी है। खासकर अगर समुद्र में नौसैनिक बारूदी सुरंगें बिछाई जाती हैं।हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान पानी में माइन्स बिछाता है, तो हम बिना हिचकिचाहट उन्हें नष्ट कर देंगे।अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इन खतरों पर नजर रखने और उन्हें रोकने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि किसी भी माइन्स को हटाने में कितना समय लगेगा।ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान पहले भी इस क्षेत्र में व्यापारी जहाजों पर हमला कर चुका है। ईरान ने पांच व्यापारी जहाजों पर हमला किया है और उनमें से दो को जब्त भी किया है।पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी नौसेना ईरान से जुड़े बंदरगाहों वाले जहाजों पर सख्त रोक बनाए हुए है, जबकि बाकी जहाजों को नियंत्रित हालात में गुजरने दिया जा रहा है।हेगसेथ ने कहा कि इस कार्रवाई से आगे और हमलों की कोशिशें रुक गई हैं। उन्होंने कहा कि इससे एक साफ संदेश गया है कि यह कोई दिखावटी नाकाबंदी नहीं है।

## ईरान ने एक और व्यक्ति को दी फांसी, इजरायल की मोसाद खुफिया एजेंसी के लिए था जासूसी करने का आरोप

तेहरान,,(आरएनएस)। ईरान ने शनिवार को एक और व्यक्ति को फांसी दे दी। बताया जा रहा है कि ईरान ने शनिवार को एर्फान कियानी नामक व्यक्ति को फांसी के फंदे पर लटका दिया। ईरानी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि वह इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद से जुड़ा था और जनवरी 2026 में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से शामिल था।

ईरान की न्यायपालिका से जुड़ी सूत्रों ने बताया कि कियानी को इस्फहान शहर में सुरक्षा बलों पर हमला करने, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, आगजनी और आतंक फैलाने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने उसे मोसाद का किराए का गुंडा बताया। ईरानी सुरक्षा बलों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसको सजा की पुष्टि के बाद सुबह जल्दी फांसी दे दी गई। यह फांसी हाल के ईरान-इजरायल युद्ध और उसके बाद जनवरी में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद दी गई फांसियों की श्रृंखला में नवीनतम है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि उनके हस्तक्षेप से ईरान में फांसी रुक गई है, लेकिन इसके उलट तेहरान में धड़ाधड़ लोगों को फांसी के फंदे पर लटकाया जा रहा है। ईरान सरकार ने प्रदर्शनकारियों और जासूसों को मौत की सजा देना जारी रखा है। ईरान के अनुसार तेहरान में हुए पूर्व के सभी प्रदर्शन को विदेशी ताकतों खासकर इजरायल और पश्चिमी देशोंद्वारा समर्थित बता रही है। मानवाधिकार संगठनों ने कहा है कि ऐसे मामलों में मुकदमे गुप्त रूप से चलाए जाते हैं और आरोपी को उचित कानूनी बचाव का अधिकार नहीं दिया जाता। ईरान में हाल के हफ्तों में मोसाद से कथित संबंध रखने वाले कई व्यक्तियों की फांसी दी जा चुकी है।

# अमेरिका एच-1बी वीजा जारी करने पर लगाएगा 3 साल की रोक? संसद में विधेयक पेश

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका नए एच-1बी वीजा जारी करने पर 3 साल की रोक लगा सकता है। रिपब्लिकन सांसदों के एक समूह ने इससे जुड़ा एक विधेयक अमेरिकी संसद में पेश किया है। इस विधेयक का नाम एंड एच-1बी वीजा एब्यूज एक्ट 2026 रखा गया है, जिसे सांसद एली क्रेन ने पेश किया है। इसका उद्देश्य वीजा प्रणाली को फिर से शुरू करने से पहले उसमें सुधार और सख्त नियमों को लागू करना है।

क्रेन ने कहा, सरकार को मेहनती नागरिकों के लिए काम करना चाहिए, न कि बड़ी-बड़ी कंपनियों के मुनाफे के लिए। हम अमेरिकी जनता के प्रति जवाबदेह हैं कि एच-1बी प्रणाली को विफल होने से रोकें, ताकि वे उन नौकरियों से वंचित न रह जाएं, जिनके लिए वे




योग्य हैं। यह विधेयक रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करेगा, वीजा प्रक्रिया में प्रोटोकॉल को मजबूत करेगा और अमेरिकियों को रोजगार देने के लिए प्राथमिकता देगा।

विधेयक में सालाना जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा की संख्या 65,000 से घटाकर 25,000 करने और सभी छूट खत्म करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही लॉटरी की जगह वेतन के आधार पर चयन करने और न्यूनतम वेतन 2 लाख डॉलर तय करने का सुझाव है। कंपनियों को यह प्रमाण देना होगा कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिला और उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी नहीं की है। एच-1बी वीजाधारक एक से ज्यादा नौकरी भी नहीं कर पाएंगे।विधेयक में एक बड़ा प्रस्ताव यह भी है कि वीजा धारक अपने परिवार को साथ नहीं ला सकेंगे, ओपीटी कार्यक्रम को खत्म किया जाएगा और स्थायी नागरिकता यानी ग्रीन कार्ड में बदलने का रास्ता भी बंद होगा। वीजा बदलने से पहले वीजाधारकों को अमेरिका छोड़ना जरूरी होगा और सरकारी एजेंसियों को ऐसे कर्मचारियों को स्पॉन्सर करने से रोका जाएगा। इमिग्रेशन अकाउंटेबिलिटी प्रोजेक्ट की सह-संस्थापक रोजमेरी जेंक्स ने इसे अब तक का सबसे सख्त विधेयक बताया है। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है और इसके 1990 में शुरू किया गया था।

इसके तहत अमेरिकी कंपनियां अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरियां देती हैं। इसमें तकनीकी, वैज्ञानिक और व्यावसायिक विशेषज्ञता वाले श्रमिक शामिल होते हैं। हर साल अमेरिकी कंपनियां इसी वीजा के सहारे दुनियाभर से हजारों पेशेवरों को अपने यहां नौकरी पर रखती हैं।

## अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में चर्चा संभव, ईरानी विदेश मंत्री और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचा




इस्लामाबाद,(आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में वार्ता हो सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर भी अमेरिका से निकल चुके हैं। एक शीर्ष ईरानी अधिकारी ने बताया कि इस बार अमेरिका और ईरान के बीच कोई सीधी वार्ता नहीं होगी और पाकिस्तान अप्रत्यक्ष माध्यम से दोनों देशों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान कराएगा।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल एक आधिकारिक दौरे के लिए इस्लामाबाद पहुंच गया है। उन्होंने कहा, विदेश मंत्री अराघची, पाकिस्तान के उन निरंतर मध्यस्थता प्रयासों के तहत वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे, जिनका उद्देश्य उस युद्ध को समाप्त करना है। ईरान और अमेरिका के बीच किसी भी बैठक की योजना नहीं है। ईरान की टिप्पणियां पाकिस्तान को पहुंचा दी जाएंगी।

अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर चर्चा के लिए जल्द इस्लामाबाद पहुंच सकते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि वार्ता प्रत्यक्ष रूप से होगी, लेकिन इसमें पाकिस्तान मध्यस्थता करेगा।

### अपनी मिसाइल क्षमता का बड़ा हिस्सा अभी हमने इस्तेमाल ही नहीं किया, ईरान ने किया इजरायल-अमेरिका को चौंकाने वाला दावा

तेहरान, (आरएनएस)। ईरान ने अमेरिका के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता की संभावनाओं के बीच बड़ा बयान दिया है। ईरान की सेना का दावा है कि उसने इजरायल और अमेरिका खिलाफ युद्ध में अब तक अपनी बड़ी मिसाइल क्षमता का इस्तेमाल ही नहीं किया है। ईरान ने यह दावा तब किया है, जब हाल ही में क्रेमलिन द्वारा दिए गए एक बयान में कहा गया था कि ईरान के पास कुछ ऐसी रहस्यमयी मिसाइलें हैं या हो सकती हैं, जिनकी क्षमता से दुनिया अनजान है। अब ईरान ने यह बयान देकर रूस के उस दावे पर एक तरह से मुहर लगा दी है। इस दावे ने अमेरिका और इजरायल तक को चौंका दिया है, क्योंकि ट्रंप और नेतन्याहू का दावा था कि ईरान के मिसाइल सिस्टम को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है।

ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल रेजा तलाई-निक ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की मिसाइल क्षमता का एक बड़ा हिस्सा जानबूझकर इस्तेमाल नहीं किया गया। जनरल तलाई-निक ने दावा किया कि ईरानी सशस्त्र बलों ने युद्धविराम (सीजफायर) से ठीक पहले तक इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों के आकाश पर पूर्ण नियंत्रण बनाए रखा था।


## 2028 तक चांद पर वापसी का लक्ष्य, 'नासा' ने तय किए तीन बड़े मिशन



वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा (नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने आने वाले वर्षों के लिए अपनी नई स्पेस रणनीति के तीन बड़े लक्ष्य तय किए हैं, जिनमें 2028 तक इंसानों को फिर से चंद्रमा पर भेजना, वहां स्थायी बेस बनाना और लो-अर्थ ऑर्बिट में कमर्शियल गतिविधियों का विस्तार करना शामिल हैं। नासा के प्रशासक जेरेड आइजकमैन ने कहा कि यह रणनीति अमेरिका की राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति के अनुरूप है और तेजी से बदलते वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में अमेरिका की लीडरशिप को मजबूत करने के लिए बनाई गई है।आइजकमैन ने साफ शब्दों में कहा, हमारा लक्ष्य चंद्रमा पर वापसी करना, लॉन्च की संख्या बढ़ाना और 2028 तक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर उतारना है। उन्होंने बताया कि यह नासा के निकट भविष्य के मिशनों का मुख्य फोकस है। उन्होंने आगे कहा कि एजेंसी सिर्फ चंद्रमा तक पहुंचने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि वहां लंबी अवधि के लिए इंसानी मौजूदगी स्थापित करने की योजना बना रही है। इसके लिए सरकार और निजी कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इस योजना में लैंडर, रोवर, पावर सिस्टम और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी जैसी जरूरी चीजें शामिल होंगी, ताकि चंद्रमा पर लगातार ऑपरेशन संभव हो सके।नासा की रणनीति का तीसरा अहम हिस्सा लो-अर्थ ऑर्बिट में कमर्शियल गतिविधियों को बढ़ाना है। इसके तहत प्राइवेट स्पेस स्टेशन को बढ़ावा दिया जाएगा और उद्योगों के लिए नए अवसर तैयार किए जाएंगे। आइजकमैन ने कहा, हम उद्योग के साथ मिलकर कमर्शियल एस्ट्रोनॉट मिशन और उससे जुड़ी कमाई के अवसरों को बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नासा अब अपने संसाधनों के इस्तेमाल के तरीके में बदलाव कर रहा है। एजेंसी बड़े और महंगे प्रोजेक्ट्स से हटकर छोटे, फोकस्ड और परिणाम देने वाले निवेश पर ध्यान दे रही है। उन्होंने माना कि पहले कई मिशनों में लागत बढ़ने और देरी जैसी समस्याएं सामने आई हैं, जिससे सुधार की जरूरत महसूस हुई।आइजकमैन ने कहा, हम ऐसे प्रोग्राम नहीं बना सकते जो इतने बड़े हों कि फेल न हो सकें, लेकिन इतने महंगे भी हों कि सफल ही न हो पाएं। उन्होंने कहा कि नासा को खर्च के बजाय परिणामों पर ध्यान देना होगा।उन्होंने लॉन्च की संख्या बढ़ाने का भी जिक्र किया और कहा कि मिशनों के बीच ज्यादा अंतराल प्रगति को धीमा कर देता है।

# खेल समाचार

## राहुल की रिकॉर्ड 152 रन की पारी गयी बेकार, पंजाब ने दिल्ली को 6 विकेट से हराया




नई दिल्ली (ए.)। पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है।

दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी हुई।

दिल्ली की फील्डिंग के दौरान तीसरे ओवर में दिल्ली के पेसर लुंगी एनगिडी को चोट लग गई। अक्षर पटेल की फुल गेंद पर प्रियांश आर्या ने शॉट खेला, गेंद हवा में गई और मिड-ऑफ से लुंगी एनगिडी कैच के लिए पीछे दौड़े। कैच जज करने में चूक के चलते वह पीछे की ओर गिर पड़े। मेडिकल टीम ने तुरंत पहुंचकर उनका इलाज शुरू किया। एनगिडी को एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए हैं। चोट के चलते खेल रोका गया था, जो करीब 15 मिनट बाद शुरू हुआ।

## आईपीएल 2026: पंत और रहाणे के बीच करो या मरो की जंग

### प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए जीतना जरुरी

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल 2026 का घमासान जारी है और इस बीच लखनऊ सुपर जायंट्स तथा कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाला मुकाबला सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि कप्तानों के धैर्य और नेतृत्व क्षमता की असली परीक्षा बन गया है। दोनों ही टीमों के कप्तान, ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे, अपनी-अपनी टीमों के निराशाजनक प्रदर्शन के चलते भारी दबाव में हैं। यह भिड़ंत दोनों टीमों के लिए प्लेऑफ की दौड़ में बने




रहने के लिए करो या मरो का युद्ध साबित होगी, जहाँ एक हार उन्हें टूर्नामेंट से लगभग बाहर कर सकती है।

कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सीज़न में प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन ने अजिंक्य रहाणे पर अपना भरोसा बरकरार रखा था, लेकिन इस सीज़न में भी टीम अपेक्षित लय हासिल करने में नाकाम रही है।

## कुंबले और हरभजन ने की सैमसन की पारी की सराहना

चेन्नई, (ए.)। अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना करते हुए इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया.

सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की. मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है.

पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, सीएसके की सफलता अक्सर उनके सलामी बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है. सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है. सिर्फ सात मैचों में दो नाबाद शतक, और उन्होंने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई है. इस महान लेग स्पिनर ने कहा, यह उस भूमिका की तरह है जो जोस बटलर ने राजस्थान की फाइनल तक की यात्रा में निभाई थी और आप साफ देख सकते हैं कि संजू ने अपने खेल में उसी तरह का प्रभाव अपनाया है.भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस शतक को सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया।

## रविचंद्रन अश्विन और इरफान पठान ने खराब कप्तानी के लिए की हार्दिक पांड्या की आलोचना

नईदिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 103 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। चेन्नई सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन (101*) के शतक से 207/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 104 रन पर ढेर हो गई। इस हार पर पूर्व खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन और इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की खराब कप्तानी की आलोचना की है।



चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन ने अच्छी पिच पर चेन्नई सुपरकिंग्स को पहले बल्लेबाजी देने के लिए हार्दिक पांड्या की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह एक गलती थी जिसकी वजह से रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली टीम एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, हार्दिक पांड्या ने टॉस जीता और उस टीम को फायदा पहुंचाया जिसने इस टूर्नामेंट में सिर्फ पहले बल्लेबाजी करके ही मैच जीते हैं।

पठान ने मुंबई की पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले की आलोचना की है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पिछले 6 टी-20 मैचों में से 4 में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने ही जीत हासिल की है। उन्होंने कहा, टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला मुंबई इंडियंस के लिए मुश्किल था, लेकिन फैसलों के बाद हिम्मत तो दिखानी ही पड़ती है। हालांकि, पांड्या के नेतृत्व में टीम अपने फैसले का बचाव नहीं कर पाई।

## थप्पड़ कांड से हरभजन सिंह ने कमाए 1 करोड़ रुपए, भड़के श्रीसंत ने सरेआम खोल दी भज्जी की पोल

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट इतिहास और आईपीएल के सबसे बड़े विवादों में से एक हरभजन सिंह और एस श्रीसंत का 'थप्पड़ कांड' एक बार फिर सुर्खियों में छा गया है। सालों बाद इस मुर्दे को उखाड़ते हुए तेज गेंदबाज श्रीसंत ने सनसनीखेज दावा किया है कि भज्जी ने इस पुरानी घटना को भुनाते हुए हाल ही में करीब एक करोड़ रुपये की मोटी कमाई की है। दोनों विश्व कप विजेता खिलाड़ियों के बीच एक बार फिर जुबानी जंग तेज हो गई है, जिससे यह साफ हो गया है कि 16 साल पुराने इस विवाद की आग अभी बुझी नहीं है। बीते दिनों आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी द्वारा इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद यह मुद्दा और भी ज्यादा गरमा गया है।

### विज्ञापन से की लाखों की कमाई, श्रीसंत ने किया ब्लॉक

इस पूरे विवाद पर पहली बार खुलकर भड़ास निकालते हुए श्रीसंत ने एक मलयालम न्यूज आउटलेट को बताया कि हाल तक उनके बीच कोई समस्या नहीं थी, लेकिन हरभजन ने इस थप्पड़ कांड पर एक विज्ञापन बनाकर करीब 80 लाख से 1 करोड़ रुपये कमा लिए। हद तो तब हो गई जब हरभजन ने श्रीसंत को कॉल करके इस विज्ञापन की स्टोरी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को कहा। इस हरकत से बुरी तरह भड़के श्रीसंत ने हरभजन को इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया है। श्रीसंत ने दो टूक शब्दों में कहा कि उन्होंने हरभजन को उस थप्पड़ के लिए माफ जरूर कर



दिया है, लेकिन वे उस घटना और भज्जी की इन व्यावसायिक हरकतों को कभी भूलेंगे नहीं।

### खत्म हुआ 'भाई' का रिश्ता, भज्जी को बताया ड्रामेबाज

एक समय हरभजन सिंह को 'भाई' कहने वाले श्रीसंत ने अब उनसे अपने सारे रिश्ते खत्म कर लिए हैं। उनका कहना है कि जिस इंसान ने आपके साथ गलत किया हो, उसे माफ करना उनके माता-पिता ने सिखाया है, लेकिन अगर आप भूल गए तो वह दोबारा वही करेगा। श्रीसंत ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें अब हरभजन से कोई रिश्ता नहीं रखना है और न ही उन्हें भज्जी की कोई जरूरत है। श्रीसंत ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हरभजन दुनिया के सामने खुद को महान और अच्छा इंसान दिखाने के लिए इंटरव्यूज में उनकी बेटी का जिक्र करते हैं, लेकिन असल में टीम इंडिया के लिए खेलने के समय से लेकर अब तक यह सब भज्जी का सिर्फ एक दिखावा और ड्रामा रहा है, जिसे वे कतई स्वीकार नहीं कर सकते।

### 2008 के आईपीएल में हुआ था सरेआम बवाल

गौरतलब है कि यह बहुचर्चित विवाद आईपीएल के पहले सीजन यानी साल 2008 का है। उस वक्त हरभजन सिंह मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे, जबकि श्रीसंत पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) के लिए खेल रहे थे। मोहाली में मैच खत्म होने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में हाथ मिला रहे थे, तभी किसी बात पर भड़क कर हरभजन ने श्रीसंत को सरेआम थप्पड़ जड़ दिया था। मैदान पर फूट-फूटकर रोते हुए श्रीसंत की तस्वीरें उस वक्त पूरी दुनिया में वायरल हुई थीं। इस गंभीर दुर्व्यवहार के कारण हरभजन सिंह पर कड़ा एक्शन लेते हुए उन पर भारी जुर्माना लगाया गया था और बैन भी झेलना पड़ा था। अब सालों बाद श्रीसंत के इन बयानों ने एक बार फिर क्रिकेट जगत में खलबली मचा दी है।

## भारत ने एशियाई खेल 2038 की मेजबानी के लिए शुरू किए प्रयास, एशियाई ओलंपिक परिषद को लिखा पत्र

नईदिल्ली, (ए.)। भारत ने 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए अपनी दावेदारी पेश करने और राष्ट्रमंडल खेल 2030 के मेजबानी अधिकार हासिल करने के बाद एशियाई खेल 2038 पर अपनी निगाहें जमा ली हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने एशियाई ओलंपिक परिषद को पत्र लिखकर एशियाई खेल 2038 की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है। बता दें कि 2026 संस्करण जापान के आइची-नागोया, 2030 संस्करण दोहा और 2034 संस्करण रियाद में आयोजित किया जाएगा।

चीन के सान्या में महाद्वीपीय निकाय की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत के प्रस्ताव पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि एशियाई ओलंपिक परिषद की मूल्यांकन टीम बोली का आंकलन करने के बाद देश का दौरा करेगी। भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा, हम एशियाई खेलों की मेजबानी के इच्छुक हैं। हम एशियाई ओलंपिक परिषद के संपर्क में हैं और हमने कतर के एशियाई ओलंपिक परिषद अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल थानी पत्र लिखकर अपनी रुचि व्यक्त की है।

भारत के अलावा, दक्षिण कोरिया और मंगोलिया अन्य ऐसे देश हैं जिन्होंने 2038 एशियाई खेलों की मेजबानी में रुचि दिखाई है। भारत ने 1951 में पहली बार एशियाई खेलों की मेजबानी की थी। यह इवेंट आखिरी बार 1982 में देश में आयोजित हुआ था। दोनों ही मौकों पर खेल नई दिल्ली में हुए थे। 2038 के लिए बोली 2036 के ओलंपिक के प्रस्ताव की तरह अहमदाबाद पर केंद्रित है। अहमदाबाद में ही 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भी आयोजित किए जाएंगे।

# नर्मदा लोक कॉरिडोर शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही की जाएगी स्वीकार्य : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

## कलेक्टर ने नर्मदालोक कॉरिडोर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर ने शनिवार को रेवा सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान नर्मदालोक कॉरिडोर के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य हेतु निर्माण एजेंसी के लिए विस्तृत वर्क शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ नगर पालिका नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि वर्क शेड्यूल के कार्यों को साप्ताहिक लक्ष्यों में विभाजित किया जाए तथा प्रत्येक सप्ताह कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र पूरी टीम को मोबिलाइज कर कार्य में तेजी लाई जाए।बैठक में कलेक्टर ने नर्मदालोक कॉरिडोर के सुचारू क्रियान्वयन के लिए स्थानीय स्तर पर मैनेजर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार श्रमिकों की संख्या भी बढ़ाई जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में तकनीकी




मानकों एवं गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सीएमओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि नर्मदालोक कॉरिडोर शासन की एक महत्वाकांक्षी कार्यों में से एक है, अत: इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं तथा श्रमिकों को कार्य के दौरान उनका उपयोग सुनिश्चित कराया जाए। इसके अतिरिक्त कार्यस्थल पर स्वच्छ पेयजल, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को समन्वय बनाकर समय अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमनुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, संयुक्त कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ नगरपालिका नर्मदापुरम श्रीमती हेमेश्वरी पटले उपस्थित रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियां जारी

## मनभावन पेंटिग्स से सजाई जा रही नगर की दीवारें दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश




नर्मदापुरम्। नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 01 बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा गली मोहल्लों में जनजागरूकता अभियान, नाले नालियों की सफाई, घाटों की सफाई आदि अनेक कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही नगर की दीवारों पर मनभावन चित्रकारी की जा रही है।

प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण के साथ ही स्वच्छ भारत अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### दीवारों को सजाया जा रहा है

स्वच्छ सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश के 75 शहरों में नर्मदापुरम नगर को शामिल किया गया है। जिसके चलते स्वच्छता को सुनिश्चित करने के प्रतिदिन गतिविधियां चलाई जा रही हैं। जिसमें नगर की समस्त खाली दीवारों पर स्वच्छता जागरूकता संबंधी पेंटिग्स बनवाई जा रही है। नगर की दीवारों पस्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश देने वाले चित्र बनाए जा रहे हैं। जिससे शहर अब अलग लुक में दिखने लगा है।

### तीन साल में सेप्टिक टेंक खाली कराना अनिवार्य

नपा के सतीश यादव ने बताया कि नगरपालिका द्वारा मलासुर अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियों के तहत नगर में स्थित अपने घर या प्रतिष्ठान पर बने सेप्टिक टैंक को तीन वर्षों के अंदर खाली कराना अनिवार्य कर दिया गया। सेप्टिक टैंक खाली कराने पर नगरपालिका द्वारा 10 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है।

## युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 14 मई को, रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 14 मई 2026 को पं जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम बृजेन्द्र रावत को एवं रोजगार मेला के लिए नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर सुश्री प्रियंका भल्लावी को सौंपा है। तथा रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

## इटारसी में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का समापन, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का समापन शनिवार को शक्ति सदन इटारसी में किया गया। शासन के निर्देश पर आयोजित इस पखवाड़े में महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए नारी शक्ति पदयात्रा, दीवार लेखन, महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता, गोष्ठी, सेमिनार, विद्यालयों-महाविद्यालयों में व्याख्यान, सोशल मीडिया प्रचार एवं ग्राम सभाओं में विशेष चर्चा जैसे कार्यक्रम हुए।समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंका मालवीय ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए गृह उद्योगों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 महिलाओं को सम्मानित किया गया। शक्ति सदन के संचालक मनीष ठाकुर ने कहा कि शक्ति सदन महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, परामर्श एवं आत्मनिर्भर बनने के अवसर दे रहा है। प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।शहरी आजीविका केंद्र से शालिनी ने स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसरों की जानकारी दी। पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना बस्तवार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, श्रीमती मीना गाठले ने स्वास्थ्य एवं पोषण, उमा अग्रवाल ने टीएचआर से पौष्टिक आहार बनाने के तरीके तथा श्रीमती रेखा चौरे ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में शक्ति सदन संचालक मनीष ठाकुर, शहरी आजीविका केंद्र से शालिनी, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला, पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना बस्तवार, श्रीमती रेखा चौरे, श्रीमती मीना गाठले सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, वार्ड की महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# बनखेड़ी के नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया त्यागपत्र

नर्मदापुरम(निप्र)। बनखेड़ी।कांग्रेस के बनखेड़ी अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद से स्तीफा दे दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नाम प्रेषित त्याग पत्र में नगर अध्यक्ष पंकज ने त्यागपत्र देने का कोई विशेष कारण तो नहीं लिखा सिर्फ व्यक्तिगत कारण का हवाला देते हुए नगर अध्यक्ष बने रहने में असमर्थता बताई है। हालाकि कांग्रेस के लिए यह अच्छी बात कही जा सकती है कि उन्होंने कांग्रेस संगठन के प्रति अपनी निष्ठा पूर्ववत बनाए रखने की बात भी स्तीफा में लिखी है। किसानों के हित में कार्य करते रहने की बात भी कही है। फिर वह कौनसा प्रमुख कारण है जिसकी बजह से नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद से स्तीफा दिया है। इस बात की चर्चाएं बनखेड़ी से लेकर पिपरिया और मुख्यालय तक में हो रही है।

# मां नर्मदा के प्रवाह सम प्रवाहित होती रहे नर्मदांचल की साहित्य धारा : पं सोमेश परसाई

## नर्मदा आव्हान सेवा समिति संयोजक करैया का किया सम्मान




नर्मदापुरम(निप्र)। साहित्य एवं समाज को समर्पित केप्टिन किशोर करैया के जन्म दिवस पर शनिवार को धर्माचार्य पं सोमेश परसाई के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा की अध्यक्षता में साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। सेठानी घाट के समीप अग्रवाल होटल में हुए आयोजन में अन्य अतिथियों के रूप में ऋषि श्रृंगारी, अशोक श्रीवास्तव, डॉ गजेंद्र कौशल, वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा व समाजसेवी हंस राय उपस्थित रहे। पं सोमेश परसाई ने कहा कि नर्मदा के प्रवाह की भांति नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा नर्मदांचल की साहित्य धारा अविरल प्रवाहित होती रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने कहा कि केप्टन करैया समाज और साहित्य के लिए समर्पित व्यक्तित्व हैं। आयोजन को ऋषि श्रृंगारी, बलराम शर्मा, हंसराय डॉक्टर गजेंद्र कौशल ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति संरक्षक सुनील केहरी व संयोजक नवीन हरियाले ने पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी काव्य दोपहरी में विभिन्न अंचलों कवि गण व साहित्यकारों आगमन हुआ। जिनमें प्रमुख रूप से ऋषि श्रृंगारी, अमित बिल्लौरे, जयकृष्ण चांडक हरदा आदि की गरिमामय उपस्थिति में नर्मदापुरम् जिला सहित मप्र के करीब 50 कवियों ने प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत सुनील केहरी, केप्टिन करैया, हंस राय, जय कृष्ण चांडक, नवीन हरियाले, रामेश्वर यादव रामू पवन सराठे, अभिलाषा श्रीवास्तव ने किया। स्वागत भाषण नवीन हरियाले ने दिया तथा प्रस्तावना सुनील केहरी ने रखी।

### दूसरे चरण में हुई कविताएं

आयोजन के दूसरे चरण में देर शाम तक कवियों ने ओज, हास्य, व्यंग्य आदि विधाओं पर आधारित कविताएं गीत, गजल प्रस्तुत किये। प्रथम सत्र का संचालन अमित बिल्लौरे ने किया। द्वितीय चरण में जयकृष्ण चांडक के संचालन में सविता बांगड़ की सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ। इसके बाद कवियों सावन सिटोके, बलराम शर्मा, अशोक श्रीवास्तव बरेली, पवन सराठे, गौरव बरखने राजेश जायसवाल अनुराधा गहरवार कोतमा अभिलाषा श्रीवास्तव सविता बांगड़, रेखा कापसे, विनिता मालवीय इटारसी रोशनी रावत पिपरिया प्रमिला किरण मंगला केवट सुनीता परसाई सहित अन्य कवियों ने काव्य प्रस्तुति देकर समां बांधा। आभार केप्टिन करैया ने व्यक्त किया।

## उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की संवेदनशील सोच के अनुरूप जिले में संचालित गेहूं एवं चना उपार्जन प्रक्रिया के तहत उपार्जन केंद्रों पर किसानों एवं हम्मालों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर 'किसान मेडिकल किट' उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मिश्रा ने इटारसी स्थित रैसलपुर उपार्जन केंद्र (दादाजी वेयरहाउस) पहुंचकर किसानों को किसान मेडिकल किट वितरित की। साथ ही जिले के अन्य उपार्जन केंद्रों पर भी इसी प्रकार मेडिकल किट उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है।डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीता कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को 75 मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः सोहागपुर जनपद में 'जल मंदिर' की स्थापना, भीषण गर्मी में मिल रहा शीतल जल



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था निर्मल विकास सेवा समिति के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सोहागपुर में 'जल मंदिर' यानी प्याऊ की स्थापना की गई है। 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भीषण गर्मी को देखते हुए यह प्याऊ शुरू की गई है। इससे जनपद में विभिन्न योजनाओं और आवश्यक कार्यों के लिए आने वाले हितग्राहियों को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा। संस्था विगत 5 वर्षों से हर वर्ष विकासखण्ड में 5 नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था कर रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष विकासखण्ड में संस्था द्वारा स्थापित यह तीसरी प्याऊ है। संस्था के इस प्रयास से आम जनमानस को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी और जल संरक्षण के संदेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

# भारतीय किसान संघ की जिला बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

नर्मदापुरम(निप्र)। भारतीय किसान संघ की जिला बैठक का आयोजन कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा में किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रांत संघठन मंत्री भरत पटैल प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान कृषि महाविद्यालय के डीन डा पीके मिश्रा, डा एसके पाण्डेय एवं डॉक्टर रेनू सिंह उपस्थित रहे । बैठक में किसानों के लिए नये नवाचारों से कृषि वैज्ञानिकों नें किसानों को अवगत कराया तथा वर्तमान में आ रही किसान संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गयी। जिसमें किसान जैविक अपनाकर किसानी बचाएं,नवीन गेंहू वैरायटियों का भी उपयोग करें आदि अनेक विषयों पर चर्चा हुई।

### वर्तमान समस्याओं पर चर्चा

संघ के जिलाध्यक्ष ओमकार राजपूत नें बताया कि वर्तमान में किसान स्लाट बुकिंग एवं गेंहू उपार्जन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है बड़े किसानों की स्लाट बुकिंग नहीं हो पा रही है। उपार्जन व्यवस्था सुचारू की जाए। समय समय पर किसान प्रतिनिधियों से जिला प्रशासन सुझाव लेकर उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करें, एवं समय समय पर केन्द्रों पर अधिकारी कर्मचारी जाकर उपार्जन व्यवस्था की सतत मानिटरिंग करेंए जिससे अन्नदाता की प्रगति बनी रहे एवं प्रदेश और देश अन्नदाता सुखी रहकर देश के भंडार भर सके ।

### भारतीय किसान संघ राष्ट्रवादी संघठन

संघ के प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान नें कहा कि भाकिसं किसानों के लिए चलाए जानें वाला गैर राजनैतिक एवं राष्ट्रवादी संगठन है जिसके लिए राष्ट्रवाद सर्वोपरि है, इसलिए किसान संघ वैज्ञानिक का भी सम्मान करता है। कृषि वैज्ञानिक अपनें कठोर परिश्रम से किसानों को उन्नत और तकनीकी बनानें में सहयोग करते है।बैठक में भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री भरत पटैल, जिला प्रभारी नरेन्द्र दोगने, जिलाध्यक्ष ओमकार राजपूत, उदयकुमार पाण्डेय, शिवमोहन सिंह, ब्रजेश राजपूत,ललित चौहान, राजकुमार राजपूत सूर्यांश रघुवंशी, गोपाल पटेल, उत्तम पटैल श्यामशरण तिवारी रामेश्वर जाट,विनोद दुबे, राजेश दीवान शरद पटैल अविनेश चौधरी, आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर नर्मदापुरम में जनजागरूकता अभियान, रैली एवं कार्यशालाओं का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला स्वास्थ्य समिति नर्मदापुरम एवं मलेरिया विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व मलेरिया दिवस' के अवसर पर जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यशालाएं, बैनर-पोस्टर प्रदर्शन तथा रैलियों के माध्यम से नागरिकों को मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को मलेरिया के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा मच्छरजनित रोगों के प्रति सतर्क करना रहा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. नरसिंह गेहलोत एवं जिला मलेरिया अधिकारी अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस तथा जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जाता है।

## केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड (अ) एवं खण्ड-(ब) में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का किया गया आयोजन



नर्मदापुरम(निप्र)। उच्च न्यायालय / सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जवलपुर (म0प्र0) के निर्देश के पालन में शनिवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड (अ) एवं खण्ड (व) में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर का वर्चअल शुभारंभ मुख्य न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर एवं न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के द्वारा किया गया।इस अवसर पर केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में न्यायालय, श्रीमती तृप्ति शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम, न्यायालय,फिरोज अख्तर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नर्मदापुरम तथा न्यायालय, दिव्या मित्तल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य शिविर प्रारंभ किया गया।आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के डॉ. आर. सी. प्रजापति (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. रिचा गौर (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. संदीप साहू (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. सौम्य रघुवशी (शल्यक्रिया विशेषज्ञ) डॉ. अनिल बडुके (अस्थिरोग विशेषज्ञ), डॉ. गजेन्द्र यादव (शिशुरोग चिकित्सक), डॉ. अखिलेश सिंघल (दंतरोग चिकित्सक), डॉ. अंकिता मेहतो (पी.जी.एम.ओ), नीलेश राठौर (NCD नर्सिंग आफिसर), सुश्री रक्शी खान (फार्मासिस्ट), विशाल शर्मा (लेब टेकनीशियन), प्रकाश चंद यादव (एच.आई.वी काउंस्लर) द्वारा केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड (अ) एवं खण्ड (ब) के कुल 466 पुरुष बंदियों एवं 79 महिला बंदियों सहित 04 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण विशेष स्वास्थ्य शिविर में किया गया तथा आवश्यकता अनुसार बंदियों को दवा वितरित की गयी।

## पथरोटा में "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" का समापन, 69 गर्भवती महिलाओं का संस्कार एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित




नर्मदापुरम (निप्र)। ग्राम पंचायत पथरोटा में शनिवार को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाएं, स्व सहायता समूह की महिलाएं, लाडली बहना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।आज के कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ परिवार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत 50 गर्भवती महिलाओं का पुष्प वन संस्कार एवं 19 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई।परियोजना अधिकारी योगेश घागरे ने उपस्थित महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के मुख्य पांच बिंदुओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में सरपंच एवं सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मंत्री श्री पटेल ने नर्मदा गुंजारी घाट पर चल रहे कार्य का किया निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधनी जनपद के ग्राम जोशीपुर में गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर चल रहे पुनर्निर्माण एवं नवसंवार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभी तक की कार्य प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि संगम स्थलों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य नियमित रूप से जारी रखें।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com